वैदिक षट्चक्रमण्डल

कुछ विशेष निवेदन

इस पुस्तक का विषय योगियों और तंत्रशास्त्र के ज्ञाताओं में प्रसिद्ध है। पातञ्जल योगदर्शन से विदित है कि योगज्ञ ऋषियों ने ब्रह्माण्ड और पिण्ड की रचना तथा उनमें समानता का तत्त्वज्ञान इन शरीर चक्रों में चित्तसंयम द्वारा ही प्राप्त किया था। आज तक यह गुप्त साधन वैदिक काल से चला आ रहा है। किन्तु इसकी शिक्षा दीक्षा तथा अभ्यास-परम्परा के लुप्तप्राय हो जाने से आज सिद्धि नहीं प्राप्त होती। यही सन्तपन्थों का आधार है। एक ग्रन्थ में बताया है कि कुण्डलिनी के जगाने के पश्चात् ही मन्त्र जपों से यथेष्ट फल मिलते हैं। बौद्धकाल में भिक्षुकों द्वारा यह विद्या तिब्बत और जापान तक पहुँच चुकी थी। अनेक ग्रन्थों के अनुसन्धान के अतिरिक्त लेखक को अनेक सन्तों के दर्शन के समय कुण्डलिनी जागरण तथा षटचक्र भेदन सम्बन्धी क्रिया के विषय में किसी २ से बातचीत करने का अवसर भी प्राप्त हुआ। इनमें से कानपुर के सरसय्या घाट के गंगा मन्दिर में स्वामी परमानन्द जी, इटावा के सिद्ध षटकटा बाबा के शिष्य ब्रह्मनाथ जी, जबलपुर गाड़रवाडा (नर्मदा पार) के दादा जी, अयोध्या के सूर्य-कुण्ड के वृक्षहीन मैदान में रहनेवाले एक अवधूत, उन्नाव जिले में गंगातटस्थ कमलाखेर के प्रसिद्ध योगी दूधाहारी और कानपुर में नजफगढ़ के योगी स्वामी रामकृष्ण तीर्थ जी परम धाम को चले गये। दत्तात्रेय सम्प्रदाय के एक योगी और षटचक्रादि के पूर्णज्ञाता गङ्गा के समीप कानपुर में आज भी रहते हैं। परन्तु वृद्ध होने के कारण अब उनके दर्शन कम मिलते हैं।

यह अत्यन्त उपयोगी विद्या है। यह यम-नियम पालनशील शुद्धचित्त साधक को पशु श्रेणी से उठाकर, इसी जन्म में कुछ वर्षों के परिश्रम से धीरे-धीरे मोक्ष का अधिकारी बना देती है। ऐसी अवस्था प्राप्त होने पर ही मनुष्य दैवीजीवन अर्थात् स्वाराज्य का अधिकारी हो सक्ता है। नहीं तो पशु और मनुष्य समान ही है।

पुस्तकों को पढ़कर गुरूपदेश के बिना षटचक्र चिन्तन का अभ्यास विष्णु भगवान ने भी गरुड़ जी से पारमार्थिक शरीर सम्बन्धी प्रश्न के उत्तर देते समय निषेध किया है, क्योंकि ऐसा करने से अधः पतन हो जाता है।

कुण्डलिनी जगाने के विषय में एक अनुभवी यूरोपियन पादरी की सम्मति भी ऐसी ही है:—

THE DANGER OF PREMATURE AWAKENING OF KULDALINI

"This fiery power ... is like liquid fire, as it rushes through the body, when ... aroused by the will."

"No one should experiment with it without definite-instruction from a teacher ... for the dangers ... are ... real and ... serious. Its ... movement ... may ... even destroy ... life."

"One very common effect of rousing it prematurely is that it ... excites most undesirable passions ... such men become satyrs, monters of depravity, ... They may probably gain certain Super-normal powers,

but these will be such as will bring them into touch with a lower order of evolution. ... "

Ref: The Chakras (page 47) by Rt. Rev. C. W. Leadbeater.

इस संग्रह में छापे की अनेक त्रुटियां हैं। विद्वान क्षमा करेंगे।

कानपुर, आश्विन शुक्ल १, २००६। श्री प्रसादीलाल झा

विषय सूचीपत्र

—❀❀❀—

सहस्रार तथा प्राणवाही नाड़ीचक्र

(प्रदर्शक चित्र)

(DIAGRAMMATIC REPRESENTATION OF IMPORTANT NERVOUS PLEXUSES)

"सव्योरु दक्षिणे गुल्फे दक्षिणं दक्षिणेतरे ।
निदध्यादृजुकायस्तु चक्रासनमिदं मतम् ॥"

वराहोपनिषत्

॥ श्री गणेशाय नमः ॥

शरीरस्थ षटचक्र मण्डल निरूपण

प्रकरण १

शरीरस्थ प्राणवाही नाड़ियों के जाल या नाड़ी चक्र —

योगाभ्यासियों के उपकारार्थ योगज्ञ ऋषियों ने अपने योग ऐश्वर्यबल द्वारा ब्रह्माण्ड और मानव शरीर (पिण्ड) की रचना, के मूलतत्वों का साक्षात्कार या यथार्थ ज्ञान प्राप्त करने के पश्चात् ब्रह्माण्ड (लोक) और पुरुष को समान बताया है। इन दोनों के यथार्थ ज्ञान के लिये, इस पाञ्चभौतिक मनुष्य शरीर में जिन मुख्य प्राणवाही नाड़ियों (nerves) के

संधिस्थानों या जालों (plexuses) में योगियों ने प्राणायाम के द्वारा अपनी जीव शक्ति को चला (जगा या चेतन) कर अपने प्राण को ब्रह्मरन्ध्र में प्रवेश कर, तथा अपनी सुषुम्ना नाड़ी (spinal cord) के अन्तर्गत स्थित प्राणवाही नाड़ियों की ग्रन्थियों का भेदन कर, शनै २ अपने शिरस्थ सहस्रदलयुतपद्म में कुण्डलिनी को पहुंचाया जाता है।

योगाभ्यास और रोगचिकित्सा दोनों के लिये ही शारीर ज्ञान की आवश्यक्ता है —

योगियों और चिकित्सकों दोनों के लिये मनुष्य शरीर का ज्ञान अत्यन्त आवश्यक है। ये ही मानव शरीर एक ऐसा पुरुष शरीर है जिसको ऋषियों और योगियों ने लोक के समान बताया है। आयुर्वेद में चरक ने लोक और पुरुष को समान बताया गया है। तन्त्र शास्त्र में शरीर को क्षुद्र ब्रह्माण्ड कहा गया है। हमारे नित्य स्मरणीय योगज्ञ ऋषियों ने अपने योग ऐश्वर्य बल से इस मानव शरीर में प्राणतत्त्व और प्रधान प्राणवाही नाड़ियों का ज्ञान, वाह्य जगत या ब्रह्माण्डीय सूर्य, चन्द्रमा, सप्तर्षि, पर्वत, समुद्र, नदी, (गंगा, यमुना, आदि) और प्रधान २ तीर्थों के स्थानों का निरूपण किया था। अपने प्राण पर पूरा नियन्त्रण (अवरोध) करने का अभ्यास कर लिया था। वीर्य (बिन्दु) वायु और मन इन का एक दूसरे से घनिष्ठ सम्बन्ध है। ब्रह्मचर्य के द्वारा और प्राणों के अवरोध से योगाभ्यासी विधिवत् योगाभ्यास द्वारा अपने चित्त (सत्व, मन, या चेतस) या चित्त की वृत्तियों या मन के चंचलपने को रोकने का अभ्यास करते थे। फिर समाहित या एकाग्र चित्त द्वारा जिस वस्तु, ध्येय या शरीर अवयव या केन्द्र में वे संयम करते थे उसका साक्षात्कार वे कर लेते थे। आयुर्वेद और योगशास्त्र दोनों में योगियों के अनेक

प्रकार के ऐश्वर्य बल के द्वारा प्राप्त सिद्धियों के वर्णन मिलते हैं। योगाभ्यासी प्राणायाम द्वारा चित्त के वृत्तियों को रोकते हुए निरन्तर समाधि द्वारा अनेक सिद्धियां और कैवल्य पद को भी प्राप्त कर लेते हैं। यम और नियमों को न पालन करने वाले योगाभ्यासी के शरीर को हानि पहुंचती है। योग के लिये विशेष सुस्निग्ध और मधुर आहार तथा योग के योग्य निर्धूम तथा पवित्र स्थानादि की आवश्यकता रहती है।

चित्त की एकाग्रता के अन्य उपाय भी हैं। जैसे कथा, इतिहास और पुराण श्रवण, तीर्थयात्रा, सन्तों के दर्शन और उनके और विद्वानों के उपदेशों का सुनना, शास्त्रचिन्तनादि। चित्त के शान्त दशा में भूख, प्यास, तथा किसी प्रकार के वेग (मल मूत्रादि) की आर्ति नहीं मालूम पड़ती और आत्मा तथा मन प्रसन्न रहते हैं।

योगियों ने सत्वसमाधान द्वारा प्राप्त योग ऐश्वर्य बल से शरीर और ब्रह्माण्ड के मूल तत्वों, और आधिभौतिक आधिदैविक तथा आध्यात्मिक भावों का साक्षात्कार या तत्वज्ञान प्राप्त किया था। योग द्वारा ही उन्होंने नवीन फिजिक्स (physics) के अनेक यन्त्रों से भी कई गुना अधिक, अपने चक्षु श्रोत्रादि बुद्धि इन्द्रियों की शक्ति बढ़ा लिया था। साधारण देखने सुनने आदि की शक्ति दिव्यशक्ति में परिणित कर ली थी। साधारण चक्षु और श्रोत्र आदि दिव्यचक्षु (Tele-vision) और दिव्यश्रोत्र (Telepathy) आदि में बदल सके थे। महाभारत और अन्य पुराणों की कथाओं में इस प्रकार की योगशक्ति के उदाहरण मिलते हैं। आज भी भारत में कभी २ ऐसे योगी देखने में आ जाते हैं, जिनमें ऐसी शक्ति पाई जाती है। आज भारत के सन्यासियों

में अनेक ऐसे तत्त्वज्ञ पुरुष वर्तमान हैं जो अपनी और विश्व के कर्त्ता, पालक और हर्त्ता के आत्मा को एक ही मानते हैं । किन्तु मैं नहीं कह सक्ता कि उनमें से कितनों में परब्रह्म या देशकालावच्छिन्न ईश्वर की त्रिविध प्रधान शक्तियां भी ईश्वर तुल्य वर्तमान हैं। शिवचन्द्र भरतिया के विचारसागर में एक ऐसा वृत्तान्त मैसूर राज्य का लिखा है कि, १५० वर्ष पूर्व मैसूर के उस समय के महाराज ने एक सन्यासी का देववत् पूजन किया। इस पर उस समय का नवाब अर्कट जो वहां उपस्थित था, उसके सन्यासी से, प्रश्न करने पर कि आप में कौन सा ऐसा "वजूद है", जो आप ईश्वर होने का दावा करते हैं ?। इतना सुनने पर उन्होंने उत्तर दिया कि, "हां", जो शक्ति ईश्वर में है, वही मुझमें है। और उस सन्यासी ने मन्त्रोच्चारण करते हुए एक लकड़ी का छोटा टुकड़ा हवा में फेंक दिया। थोड़ी देर के पीछे पञ्चतत्वों में क्षोभ उत्पन्न हो गया। तूफान आ गया, विजली जोर के शब्दों के साथ २ चमकने लगी, पेड़ की डालियां टूट २ कर गिरने लगी, आकाश में शब्द "सुनाई पड़ा और शक्ति भर दूं"। ऐसा सुने जाने पर वहां वर्तमान लोग भयभीत होने लगे। और महाराज और नवाब ने सन्यासी स्वामी की प्रार्थना कर क्षमा माँगी, तब थोड़ी देर के पश्चात् तूफान वगैरह रुक गया।

योगियों ने अपने योगशक्ति से मृत्युकाल में जीव को शरीर से निकलते भी देखा है। उपनिषदों में सूक्ष्म या लिङ्ग शरीर जीव का परिमाण बाल के अग्र भाग का सहस्रवां अंश बताया है। वर्तमान कालीन फिजिक्स के एलक्ट्रान माईक्रोसकोप द्वारा क्षुद्र अतीन्द्रिय जीव के शरीरों की अनेक सूक्ष्म क्रियाओं का कारण, जीवसंज्ञक वस्तु अभी तक नहीं देखा गया। प्राणसंयम द्वारा

५

ही उन्होंने जगत के भिन्न २ भुवनों या लोकों से भी अपना संबन्ध स्थापित कर, वहां का भी यथार्थ ज्ञान प्राप्त किया था। पुरुष के शुक्र और स्त्री के शोणित या रज में वर्तमान सौम्य और आग्नेय परमाणुओं से किस २ तरह और किन २ सूक्ष्म शरीर के प्रसादभूत और मलाख्य गुणों के योग से शरीर धातु के अङ्ग, प्रत्यङ्ग आदि की रचना होती है? और जगत प्रलयावस्था में किस प्रकार टिका रहता है? तथा सृष्टि की रचना का क्या क्रम है? ऐसी अनेक बातें अब योरोपियन्स की नवीन फ़िज़िक्स (New Physics) और साइन्सेज में, धीरे २ (नवीन आधुनिक यन्त्रों तथा प्रयोगशालाओं की जांच कसौटी पर ठीक २ उतरने पर) मिलाई जा रही हैं। उदाहरणार्थ— अनेक प्राचीन दार्शनिक तत्त्वज्ञान, जैसे सांख्य के महत तत्त्व, भूतमात्रा या तन्मात्रा आदि योरोपियन्स के साइन्स की नवीन फिजिक्स में कानशसनेस, कन्टमथियोरी (Consciousness, or Cosmic intelligence or Fundamental mind-stuff, etc & Quantum Theory) आदि के नाम से और वैशेषिक दर्शन के पञ्चद्रव्यगुण विशेष-शब्द स्पर्शादि संज्ञक इन्द्रियार्थ या अर्थ प्रगट करने वाला "स्फोट", आज नवीन फ़िज़िक्स में पांच प्रकार के सैन्सडेटा (Sense-data, as sounds, feelings etc.), विविध प्रकार के फोटन्स (Photons) कहाते हैं।

उपनिषदों में बताये आग्नेय या उष्ण गुण देवता (अर्चि, या वन्हिशिखा या रश्मि या ज्योति) और वैद्युतादिमय अणु (light rays or electrical particles) और सोमात्मक या मधुरादि अन्नरसमय (कणों या अणुओं, लव व लेशों) को आज उन्हीं की तरह पाञ्चभौतिक

(Physical), एटम्स के सूक्ष्मतर परमाणुओं या अवयवों को इलेक्ट्रान्स प्रोटान्स, पाजीट्रान्स, ड्यूट्रान्स एल्फापार्टिकल्स और न्यूट्रान्स electrons, protons, positrons, deutrons, alpha particles and neutrons) कहते हैं। हमारे शास्त्रों के सब ही अणुओं में मानसिक अंश भी बताये गये हैं। इसी कारण से जगत का बाहरी प्रत्यक्ष ज्ञान बुद्धि की इन्द्रियों द्वारा होता है। इन्द्रियार्थ (sense-data) सन्निकर्ष द्वारा जो सुख दुखादि, आकार, रूपादि का बोध होता है, उनका वर्णन कोई कृत्रिम और जड़ भौतिक यंत्र (inanimate and physical instrument) नहीं बता सक्ता है।

फिजिक्स के फोटान्स (सेन्सडेटा) में मानसिक तत्त्व (mind-stuff) का अंश अभी तक अज्ञात है। किन्तु दार्शनिक सभी बुद्धि इन्द्रियार्थ (sense-data) चरक में समनस्का बताये गये हैं। जगत की कोई वस्तु ऐसी नहीं है जो प्रकृति से उत्पन्न सत्व रज तम आदि गुणत्रयों से रिक्त हो। पुरुष और प्रकृति के संयोग से ही सृष्टि उत्पन्न होती है। पुरुष और प्रकृति दोनों ही नित्य हैं। पुरुष तथा प्रकृति को ईश्वर और माया भी कहते हैं। वैद्यक में स्वभाव, ईश्वर, काल, यदृच्छा, नियति तथा परिणाम इन सबको पृथुदर्शी प्रकृति ही कहते हैं। वेद में माया को प्रकृति कहते हैं। योगशास्त्र और भगवत् गीता में प्रकृति के परा और अपरा दो भेद बताये हैं। अपरा प्रकृति अष्टधा(मन बुद्धि अहंकार और पञ्चभूत रूपा)से जगत की उत्पत्ति बताई गई है। यह प्रकृति जड़ (inanimate) कही जाती है। और परा प्रकृति जगत को धारण करने वाली (अर्थात पालन पोषण और जीवित रखने वाली) जीवभूता प्रकृति कहाती है। उपनिषदों में प्रकृति को

माया और महेश्वर को मायिन बताया है। पुरुष प्रकृति का परस्पर का सम्बन्ध पङ्गु-अन्धवत् बताया गया है। पातञ्जल योग दर्शन के योग वार्तिक में विज्ञानभिक्षु ने शास्त्रों के प्रमाण के आधार पर बताया है कि माया सनातनी है और उसका अत्यन्ताभाव कभी नहीं होता। प्रलय काल में जगत माया या अणुरूप से वर्तमान रहता है। सृष्टि के प्रारम्भ के पूर्व तम था। अर्थात् गुणत्रयों की साम्यावस्था थी। यही माया की अवस्था प्रलय काल की है।

सूक्ष्म आकाशवत् जीवसंज्ञक पुरुष या प्राणी इस स्थूल पाञ्चभौतिक शरीर में प्राण या वायुरूप से वर्तमान है। प्राण ही शरीर के रक्षक और पालक हैं। वायु यंत्र (शरीर) और तंत्र (मन) का धारक भगवान हैं। प्राण ही शरीर और मन के सब प्रकार की चेष्टाओं के मूल कारण हैं। जैसे जगत सूर्य, चन्द्रमा और वायु द्वारा धारण किया जाता है, उसी तरह शरीर भी पित्त श्लेष्म (कफ) और वायु द्वारा धारण किया जाता है।

उपनिषदों में जीवात्मा या प्राणी, (living entity or entelechy or psychoid) को त्रिविध अर्थात् आकाश, वायु और प्राण तुल्य बताया है। सब प्राणी कीट पतङ्गादि से ब्रह्मादि पर्यन्त प्राण से उत्पन्न हैं, उसी से उनकी स्थिति या जीवन है और मरने पर प्राण में प्रवेश करते हैं। प्राणी इस लोक से दूसरे लोकों में उदान वायु द्वारा ले जाया जाता है। शरीर से प्राण (जीव) के निकलने पर अन्य प्राण भी साथ२ शरीर से निकल जाते हैं। एक उपनिषत् में जगत् की उत्पत्ति ब्रह्म से उत्पन्न मिथुन नाम के रयि और प्राण से बताई गई है। प्राण को सूर्य और रयि को चन्द्रमा माना है। प्राण को अमूर्तमान और रयि को मूर्तमान

(physical or material) कहा है। शिवस्वरोदय में बताया गया है, कि प्राणी या जीव शरीर से सांस के साथ जब प्राण पवन पान करने के लिये बाहर आता है तब 'ह' (हकार) ऐसा मन्द २ शब्द होता है और उसके फिर भीतर लौटती समय 'स'(सकार) ऐसा मन्द २ शब्द छाती पर कान लगाने से सुनाई पड़ता है। अर्थात् जीव "हंस", "हंस", नाम के अजपा (बिना जपे होने वाला) जप रात दिन जन्म से मरण पर्यन्त करता रहता है। और हकार में पुरुष शिव और सकार में स्त्रीरूप "शक्ति" की स्थिति बताई है। तंत्रशास्त्र में प्राण को सोममय और अपान को सूर्यमय बताया है। शरीर के दहने और बांये अङ्ग भर में फैली प्राणवाही पिंगला और इड़ा नाम की नाड़ियों (nerves) में सूर्य और चन्द्रमा के चलने के मार्ग बताये गए हैं।

शिव स्वरोदय में ही सृष्टि या ब्रह्माण्ड खण्ड, पिण्डादि की रचना "ह" यानी सूर्य और "स" अर्थात् चन्द्रमा से कही गई है। 'ह' और 'स' संज्ञक दोनों तत्त्व ही मिलकर एक पूरा स्वर (पूरी सांस या प्राण कर्म– Respiratory murmurs or inspiratory and expiratory murmurs) या अजपा जप या प्राण अपान की ग्रन्थि कहाती है। स्वरोदय में "स्वर" को साक्षात् महेश्वर बताया है। एक उपनिषत् में देव, मनुष्य और पशु सबके लिये 'प्राण' आवश्यक बताया है। और प्राण ही सबका 'जीवन' है। उसी में ये भी बताया गया है, कि प्राण को ही ब्रह्म जानना चाहिये, उसी से सब प्राणी उत्पन्न होकर उसी से जीवित रहते और मरने पर उसी में प्रवेश करते हैं। आयुर्वेद में वायु को ही शरीर और मन दोनों का धारक (रक्षक और पालक या पोषक) कहा गया है, वायु ही शरीर और मन इन दोनों के सब प्रकार की चेष्टाओं

के कारण हैं। यास्काचार्य के निरुक्त में 'वायु' को भी वायव्य श्रुति के आधार पर अग्नि का तीसरा भेद बताया है। सुश्रुत में वायु को रज: प्रधान तत्त्व बताया है। और मन के रजांश को ही प्रवृत्ति (जाग्रत और स्वप्नावस्था में भी चेष्टा) का हेतु बताया है। सत्व गुण को बोध का हेतु तथा पित्त (शरीर में अग्नि के आधार) को सत्वोत्कट और तम गुण को आवरणात्मक निद्रा का हेतु कहा है। चरक ने शरीर को धारण करने वाले वात, पित्त श्लेष्म शरीरदोषों को जगत् के वायु सूर्य और चन्द्रमा के तुल्य बताया है।

चरकाचार्य ने शरीर में सब प्रकार की सूक्ष्म क्रियाओं (जैसे आहारपाक, धातु पाक. ज्ञानेन्द्रियों के कर्म) के प्रधान सूक्ष्म हेतु उपरोक्त तीन दोषों की अग्नि, सोम, वायु आदि कलायें बताई हैं। सुश्रुत ने षोड़शकल पुरुष के प्राणों (कलाओं) में अग्नि, सोम, वायु. सत्व, रज, तम, पञ्चेन्द्रिय और भूतात्मा बताये हैं। चरक और सुश्रुत दोनों के मतानुसार इनको अन्त:प्राण कहा जाता है। और उनकी रक्षा, (तर्पण, धारण, पोषण)अन्न रसों में वर्तमान बाह्यप्राणों से बताई है। आयुर्वेद और वेद मंत्रों से पता चलता है, कि सूर्य आग्नेय या उष्णगुण देव (ज्योतिर्मय ग्रह) और चन्द्रमा सौम्य (रसात्मक, मधुरादि अन्न रसमय) शीत गुण रश्मियों वाला ग्रह है। इन्हीं दोनों की आग्नेय और सौम्य रश्मियों (देवताओं) के आदान प्रदान से (exchange of energy) भूतों की उत्पत्ति, स्थिति या रक्षा और विनाश हुआ करता है। ब्रह्माण्ड के तीनों लोकों में सूर्य के आग्नेय देवता रश्मि या ज्योति रूप से तथा चन्द्रमा की सोमात्मक रश्मियां पृथ्वी में अन्न

रूप से व्याप्त हैं। वे ही पाञ्चभौतिक आहार, औषधि, आदि के भिन्न २ शीतोष्ण गुणों, रसों और वीर्यों के हेतु हैं। उन्हीं औषध रूप आहार रसों के द्वारा शरीर के प्रकुपित (वृद्ध) दोषों का क्षय होता रहता है और ह्रास को प्राप्त की वृद्धि होती रहती है। इस तरह शरीर के सब धातु (सप्तधातु, दोष और मलादि) की साम्य अवस्था या धातुसाम्यम् (Equilibrium of albuminoids of cells) क़ायम रहती है। शरीर में समाग्नि, समदोष और समधातु मल क्रिया की ही अवस्था स्वस्थ कहाती है। इस समय मन, आत्मा प्रसन्न रहते हैं और इन्द्रियां ठीक २ अपना कार्य करती हैं।

द्विविधात्मक और पञ्चात्मक पिण्ड और ब्रह्माण्ड —

शरीर के षटचक्र योगियों में अनेक सिद्धियों, मोक्ष तथा कालवञ्चन आदि के मार्ग हैं। उपनिषदों में ही ऐसा भी बताया गया है, कि जो स्थान योग द्वारा प्राप्त होता है, वह सांख्य अर्थात् ज्ञान के द्वारा भी प्राप्त हो सकता है। कीटभृङ्ग न्याय के अनुसार, जीव अपने सांस के सकार का ध्यान करते २ या सुनते २ स्वयं हकार हो जाता है। सांस के 'स' में शक्ति और 'ह' में शिव प्रतिष्ठित हैं। अर्थात् प्राणी 'हंस' 'हंस' अजपा जप के 'स' का ध्यान करते २ स्वयं शिव हो जाता है।

इसी तरह एक दूसरे उपनिषत् में यह भी बताया गया है कि ब्रह्म के समीप या मोक्ष

स्थान तक पहुंचाने वाले दो पथ हैं। एक सद्यः पथ और दूसरा क्रमशः पथ। उदाहरण में पहले ज्ञानी के पथ को हंस या शुकदेव पथ और दूसरे को पिपीलिका या वामदेव पथ कहा है। इतिहास से स्पष्ट है, कि जो 'हंस पद' को प्राप्त हो चुके हैं, उनमें शुकदेव जी के तुल्य शीघ्र ही पूर्ण वैराग्य उत्पन्न होते सुना गया है। कानपुर के समीप मैथा के जंगलों में, ५० वर्ष पूर्व, एक ऐसे सिद्ध योगी बाबा मंगलीदास जी घूमा करते थे। उनसे प्रसिद्ध स्वामी भाष्करानन्द जी काशी से प्रायः मिलने आते थे। ये बाबा पहले एक स्कूल के अध्यापक थे। एकाएक उन्होंने गृहस्थ आश्रम को त्याग दिया था। आज ऐसे अनेक 'परमहंस' देखने में आते हैं जो ग़रीब पिपीलिका या क्रमशः पथ के अनुसरण करने वाले वर्णाश्रम धर्म पर चलने वालों से भी अधिक वासनाओं में फंसे हुए देखे जाते हैं। उनके लिये ऐसा करना और वैदिक 'हंस पथ' के सिद्धान्तों को भुला कर दूसरे कम ज्ञानियों (पुरुष प्रकृति, ईश्वर माया, सत् असत्, नित्य अनित्य, क्षर अक्षर, क्षेत्रज्ञ क्षेत्र, आदि को ठीक २ न समझने वालों) में भूल से बुद्धि भेद पैदा करना, भगवान कृष्ण के उपदेश के विपरीत कर्म करना है।

आगे बताया जा चुका है, कि प्राणी मात्र, प्राण के द्वारा ही जीवित हैं। प्राण शरीर के भीतर वायु और "हंस" रूप से वर्तमान हैं। हकार में पुरुष रूप से शिव और सकार में स्त्री रूप से शक्ति वर्तमान है। प्रश्नोपनिषत् में, मिथुनसंज्ञक प्राण और रयि या सूर्य और चन्द्रमा की उत्पत्ति ब्रह्म से कही गई है। दिव्य पुरुष से खं,(आकाश) वायु, मन, भूतादि की उत्पत्ति हुई है।

गीता में ब्रह्म को महत् योनि और भगवान कृष्ण ने "अहंकार" को बीजप्रद पिता बताया है। संसार में पुरुष (चैतन्य) प्रकृति (गुणात्रयों) और आकाशादि पञ्चतत्वों से कोई वस्तु रिक्त नहीं है। परा प्रकृति जीवभूता और अपरा प्रकृति अष्टधा (मन, बुद्धि, अहङ्कार और पञ्चभूत स्वरूपा) है। पुरुष को चेतन (चेतना धातु) कहा गया है। पुरुष या चित् को ही सब प्रकार के इन्द्रियार्थों (दृश्यों) या भोगों का अवसान (अन्तिम सीमा) बताया है। प्रकृति से उत्पन्न सत्व, रज और तम गुणत्रय ही सुख दुःख मोह के हेतु सूक्ष्मभूत हैं।

आकाश सत्व-बहुल है, वायु रजो-बहुल है, अग्नि सत्व-रजो बहुल है, अप (जल) सत्व-तमो बहुल है और पृथ्वी तमो-बहुला है।

श्रुतियों के अनुसार परमात्मा की इच्छा से ही सृष्टि हुई है। "स ईक्षांचक्रे"। विश्वकर्मा ने अपनी आत्मा से अचिन्त्य और अद्भुत जगत की सृष्टि की है। आत्मा से आकाश, आकाश से वायु, वायु से अग्नि, अग्नि से अप, जल से पृथ्वी। इन पंचमहाभूतों से औषधि अन्नादि समग्र भूतों की उत्पत्ति के पूर्व हिरण्यगर्भ या महत् तत्त्व की उत्पत्ति हुई है। वह सुवर्ण वर्ण केश श्मश्रु वाले पुरुष हैं। उनके पीछे जगत रूप स्थावर जङ्गमात्मक भूतों की उत्पत्ति हुई फिर एक स्वतंत्र जगत पति या रक्षक जगदीश हुये। हिरण्यगर्भ की सप्तऋषियों (रश्मियों) द्वारा रक्षित ज्ञानेन्द्रियों को अपने इष्टों के जानने की सामर्थ्य मिलती है।

प्रकृति के अन्य पर्यायों को जानना भी आवश्यक है। यथा- शक्ति, अजा, अव्यक्त, प्रकृति माया, ब्राह्मी, विद्या, अविद्या, पराप्रकृति, अपराप्रकृति अव्यक्त कारण को प्रधान और सूक्ष्म नित्य सदसदात्मक प्रकृति। उसे त्रिगुणा, जगत योनि, अलिंग, प्रणव भी कहते है।

महान या बुद्ध्याख्य महत तत्व प्रकृति के सकाश से उत्पन्न होता है। उसके भी अनेक पर्याय हैं ;- यथा महानात्मा, मति, विष्णु, जिष्णु, शम्भु, बुद्धि, प्रज्ञा, उपलब्धि, ब्रह्मा, धृतिः, स्मृतिः। - "सर्वतः पाणिपादश्च सर्वतोऽक्षिशिरोमुखः" ऐसा वर्णन श्रुतियों में है। प्रधान या महानात्मा से अहंकार में अभिमान, कर्ता, मन्ता, आत्मा, देही, जीव आदि की उत्पत्ति हुई है। भगवान को अनन्य भाव से भजन वाले भक्तों के चार भेद भगवत गीता में दिये गये हैं —यथा (आर्त्ती या दुःखी, अर्थार्थी कामना से भजने वाले जिज्ञासु या आत्मा के जानने की इच्छा रखने वाले भक्त और ज्ञानी पुरुष प्रकृति को अभिन्न जानने वालों के उपकारार्थ ही अपने अखण्ड अद्वैत स्वरूप को अनेक तरह से धर्मक्षेत्र और कुरुक्षेत्र स्वरूप इस मानव पुरी में बसने वाले पुरुष तथा अपने सखा अर्जुन को समझाने का प्रयत्न किया। सब जगत ओंकार (शब्द ब्रह्म) से उत्पन्न है, उसी में वर्तमान है। जगत अधोमुखी ओंकार ही है।

यह कठिनाई से समझ में आने वाला स्वरूप केवल आस्तिक और श्रद्धालु पुरुषों को ही भगवान की शरण में प्राप्त होते स्वाध्याय आदि से उन्हीं अन्तर्यामी जगदीश की दया होने पर ही

से समझ में आ सकता है। सच्चिदानन्द स्वरूप कृष्ण की अनन्यभक्ति के लिये, भगवान के शरण में प्राप्त होने वाले भक्तों को, पुरुष और लोक की रचना तथा उनमें समान भावों को जानने की आवश्यकता है। केवल अन्धभक्ति से न शास्त्रोक्त सिद्धियां और न परागति प्राप्त हो सकती है। श्रुतियों में बताया गया है कि जीव अल्पज्ञ और ईश्वर सर्वज्ञ है। अतः जब जीव-बुद्धि हिरण्यगर्भ स्वरूप या महान सर्वव्यापी अव्यक्त भाव को प्राप्त हो जाती है तब ही सब प्रकार की यौगिक सिद्धियां भी संभव हो सकती हैं।

सच्चिदानन्द स्वरूप भगवान् कृष्ण ने मनुष्य मात्र के कल्याणार्थ अपने परम प्रिय सखा अर्जुन को उपदेश के स्वरूप में, पुरुष और प्रकृति, ईश्वर माया, क्षर, अक्षर, क्षेत्र, क्षेत्रज्ञ, दैवी, आसुरी सम्पत्ति, वैशेषिक योग सांख्य तथा वेदान्त कर्म ज्ञान भक्तियोगादि के गूढ़ सिद्धान्तों को, इस सांसारिक जीवन युद्ध में प्रवृत्त रहते हुए जन्म मरण के चक्कर से छुड़ाने के उपाय बताये हैं। इन उपदेशों की विशेषता तथा विचित्रता ये है, कि वे केवल सनातन धर्मावलम्बी वर्णाश्रम धर्म के पालन कर्ताओं के लिये ही नहीं, किन्तु संसार के सब श्रेणी तथा दशाओं में तथा स्थानों में वर्तमान मनुष्य मात्र के हित के लिये हैं। उन्होंने भिन्न २ रुचि के अनुसार सात्विक राजस तामस धर्मों तथा आहारादि में प्रवृत्त लोगों में बिना अधिकार के बुद्धि भेद डालना या उनके पथ से विचलित करना बुरा बताया है। और हर तरह से ये ही दिखाया है कि संसार में सब प्रकार के दृश्यों तथा क्रियाओं के मूल कारण निश्चल परब्रह्म और उनकी

अचिन्त्य शक्ति ही है। यह अभिमानी जीव (पुरुष) भूल से अपने को कर्ता मान बैठा है। जीव स्वरूप कर्माशय भोग और अपवर्ग के लिये ही मिला है। यदि मनुष्य इस दुर्लभ योनि को प्राप्त कर के भी आसुरी कर्मों में ही लगा रहा तो फिर जन्म मरण के चक्कर में ही पड़ा रहेगा।

शरीर में प्राणवाही नाड़ियों (इड़ा और पिंगला) तथा सुषुम्ना, इनके परस्पर के सन्धि से मेरुदण्ड को स्पर्श करते, उसके दहनी बाईं ओर कई विशेष नाड़ीचक्र बन जाते हैं। ४५ वर्ष पूर्व प्रकाशित हैलीबर्टन की फ़िजीयालोजी (Halliburton's Physiology) में इनके नर्वस गैंगलियन और प्लेक्सेज़ (Nervous ganglion or plexus) आदि ऐसे नाम लिखे हैं।

शरीर में अनेक प्राणवाही नाड़ियां (nerves) हैं। उनमें से योगशास्त्र में मुख्य दश बताई गई हैं। इनमें से भी प्रधान नाड़ी तीन हैं। सुषुम्ना (spinal cord) जो देह के मध्यभाग में स्थित मेरुदण्ड (पृष्ठवंश = vertebral column) में है। इसके दहने और बायें ओर पिंगला और इड़ा नाम की नाड़ियां हैं। (sympathetic nerves) इन तीनों के परस्पर सन्धि से रीढ़ या मेरुदण्ड की हड्डियों के सामने कई जाल या चक्र बन जाते हैं।

योरोपियन फिजियालोजी में ऐसे नाम मिलते हैं, जिनसे योगिक चक्रों का सम्बन्ध स्पष्ट हो जाता है। यथा गुदा के समीप स्थित मूलाधार चक्र(या पद्म)को इम्पार गैंगलियन (Impar-ganglion); लिंगमूल के समीप स्थित स्वाधिष्ठान चक्र को हैपोगैस्ट्रिक प्लेक्सेज़ (Hypogas-

tric plexus); नाभि देश में स्थित मणिपूर चक्र; सूर्यचक्र को सोलरप्लेक्सज (Solar plexus); हृदय स्थान में स्थित पद्म को कार्डियक प्लेक्सेज (Cardiac plexus) और कण्ठदेश में स्थित चक्र को सर्वाईकैल गैंगलियन या प्लेक्सेज (Cervical ganglion or plexus); और भ्रूमध्य में स्थित पद्म को द्विदल पद्म (Two-lobed medulla oblongata-in which two separate right & left respiratory centres exist.) या आज्ञा चक्र भी कहते हैं।

षटचक्रों के ज्ञाता योगियों को चित्त की वृत्तियों को निरोध करने के अभ्यास से आज्ञाचक्र से ऊपर स्थित मनस चक्र (Mind-apparatus or mind-body bridge) पर पूर्ण अधिकार प्राप्त कर सकते हैं। आज भी भारत में ऐसे योगी वर्तमान हैं जो इस अवस्था (समाधि) में प्राणकर्म श्वास प्रश्वास (Respiratory acts) को भी रोक सकते हैं। और चालीस २ दिन तक वायु, जल, अन्नादि बिना जीवित रहते हैं। अर्थात् वे प्राण की क्रियाओं को रोक कर शरीर की अन्य जीव क्रियाओं (जैसे अहारपाक, धातुपाक, रुधिराभिसरण आदि (digestion of foods, tissue metabolism, etc.) भी रोक सकते हैं।

योगी लोग इन चक्रों में स्थित पृथ्वी, अप, तेज आदि के बीजों की धारणा से इन पर जय प्राप्त कर लेते थे। अर्थात पूरी जय प्राप्त करने पर योगियों को अग्नि जल, आदि हानि नहीं पहुंचा सकते थे। वे पृथ्वी में इच्छा ही से इतनी सरलता से प्रवेश कर सके और फिर निकल सके थे जैसे मल्लाह जल में घुस और निकल सका है। सिद्धयोगी जिस स्थान में पहुंचना चाहते थे,

जा सकते थे। वे रूई के तुल्य हलके और पत्थर की तरह गुरु (भारी) भी हो जाते थे। दूर की बातों को सुनने और दूर की या पर्दे की आड़ में रखी वस्तु को भी देख सकते थे। उन्होंने शरीरस्थ नाभिचक्र में संयम से शरीर की रचना का, सूर्यचक्र में संयम करने से भुवनों का, और चन्द्रमा में संयम से ताराव्यूह का ज्ञान प्राप्त किया था। तारा गणों की गति का ज्ञान ध्रुव में संयम से प्राप्त किया था।

योगाभ्यास सरल नहीं है। प्रत्येक मनुष्य सिद्धि नहीं प्राप्त कर सकता। इस के लिये विशेष शरीर सम्पत्ति और साधनों की आवश्यकता रहती है। बिना गुरू के इसकी नकल नहीं करना चाहिये। ऐसा करने से अनेक प्रकार के फेफड़े के रोग आमपक्वाशय सम्बन्धी तथा अनेक मानसिक और शरीर रोगों के हो जाने की संभावना रहती है। योगशास्त्रों में बताई विधियों के विपरीत योगाभ्यास करने से अनेक रोगों का भय रहता है।

शरीर में स्थित चक्रादि के ज्ञान से ईश्वर की सगुण और निर्गुण उपासना का रहस्य अवश्य ही शिक्षित मनुष्यों को ज्ञात हो सकता है। संभव, है जैसा मैंने अनुभवी योगियों से सुना है, गुरू स्वयं कभी २ शिष्यों के अधिकारानुसार दया कर उन्हें स्वयं दर्शन दे कुछ उपदेश भी कर देते हैं।

उपनिषदों में बताया गया है कि शरीर की इन्द्रियों और विशेष स्थानों में संयम करने

से अनेक प्रकार के रोगों से बचा जा सकता है। योगियों में तो निरन्तर के शास्त्रोक्त विधि विहित प्राणायाम अभ्यास और चित्त संयम द्वारा अनेक प्रकार की सिद्धियां और भूतों पर जय की प्राप्ति बताई गई हैं। इन्हीं स्थानों में संयम द्वारा ब्रह्मनिष्ठ योगियों ने शरीर और अनेक लोकादि की रचना का ज्ञान प्राप्त किया था। ब्रह्माण्ड में पञ्चमहाभूतों के उत्पत्ति क्रम, जैसे उपनिषदों, सांख्य दर्शन तथा आयुर्वेद (सुश्रुत) में बताये गये हैं, वे सर जे० जीन्स (Sir J. Jeans) के द्वारा दूरबीन (Telescope) से निश्चित किये, नये ताराओं की रचना या अभ्युदय क्रम (Evolutionary stages of new stars) से वैज्ञानिक सिद्ध होते हैं।

इन चक्रों के वर्णन वेद के उपनिषदों और तन्त्रशास्त्र दोनों में पाये जाते हैं। चक्रों के स्थानों तथा नामों में कोई विशेष अन्तर नहीं है। किन्तु उनके वर्णन में भेद है। शरीर और ब्रह्माण्ड की रचना तथा शरीरस्थ चक्रादि का ज्ञान गर्भोपनिषत् , योगतत्वोपनिषत् , प्रश्नोपनिषत् योगचूड़ामणि उपनिषत , योगशिखोपनिषत् , पैङ्गल उपनिषत् , शारीर उपनिषत् , शाण्डिल्योप-निषत् , जाबालोपनिषत् , योगकुण्डलिनी उपनिषत् , वाराहोपनिषत् , प्राणाग्निहोत्र उपनिषत् , तैत्तरीय उपनिषत् , शिवसंहिता और अनेक तंत्र ग्रन्थों में मिलता है। गायत्री पुरश्चरण और गरुड़ पुराण में भी षटचक्रों के विवरण मिलते हैं। विहार के परमहंस हंसस्वरूप जी द्वारा प्रकाशित संस्कृत में "षटचक्र निरूपण" में भी सचित्र षटचक्र वर्णन मिलता है। भगवान शंकराचार्य्य जी प्रणीत सौन्दर्य लहरी में भी चक्रों का संक्षिप्त वर्णन दिया गया है।

इस लेख का मुख्य उद्देश्य यह है कि, इससे जिज्ञासु भक्तों में स्वान्तस्थ ईश्वर की उपासना और भजन के लिये, धार्मिक तथा सांसारिक कार्यों की सिद्धि के लिये वैदिक शारीर और ब्रह्माण्ड की रचना के ज्ञान की चर्चा का गृहस्थों में फिर प्रचार हो।

वैदिक विज्ञान केवल मानवधर्म (Religion) शरह, या मजहब से ही सम्बन्ध नहीं रखता। उसमें योगज्ञ ऋषियों द्वारा जगत के अनेक आधिभौतिक, आधिदैविक और आध्यात्मिक भावों से सम्बन्ध रखने वाले ज्ञान विज्ञान की बातें प्रकाशित हैं। ये मनुष्य मात्र के कल्याण की हैं। इस जगत के प्रधान आधार परंतत्त्व या भाव को विचार पूर्वक ध्यान में रख कर संसार में रहते हुये प्रत्येक मनुष्य दूसरों के संग शुभ और कल्याणकारी व्यवहार कर सकता है। इस तरह वह पिण्ड और ब्रह्माण्ड के मूल तत्त्व के ज्ञान तथा उस पर आधारित मानवधर्म के आचरण से अपना जीवन भी सुख और शान्ति मय बना सकता है। सांसारिक व्यवहारों में अरुचि रखने वाले विशेष प्रकृति के विरक्त मनुष्यों और योग के ऐश्वर्य बलों की सिद्धि चाहने वालों के लिये भी अनेक प्रकार के योग और उनके अभ्यास की योगविधियां बताई गई हैं।

यद्यपि आजकल के युवकों को ऐसी बातों में श्रद्धा और विश्वास नहीं है, किन्तु इन दर्शन शास्त्रों में अनेक ऐसे तात्विक विषय वर्तमान हैं, जिनको, जैसा कि आगे बताया गया है, आज योरोपियन्स द्वारा भौतिकवादी फिज़िक्स में मिलाने का प्रयत्न किया जा रहा है। उदा-

हरणार्थ वैशेषिक के पाञ्चभौतिक समनस्का इन्द्रियार्थ (Sense-data, particles and wavicles or photons) मन, आकाश, दिशा, काल, (Ether, Space & Time) ही उनकी नवीन भौतिक फ़िज़िक्स के आधार बनाये गये हैं। और वैशेषिक के परापरत्व तथा सांख्य दर्शन के भूतमात्रा या तन्मात्र सिद्धान्त, नवीन फिजिक्स में रैलेटिविटी (Relativity) और क्वेन्टम थियोरीज़ (Quantum Theories) कहाती हैं। वस्तु विशेष के तत्वज्ञान के लिये योग दर्शन के संयम विधि का जानना आवश्यक है —

ध्यान के आधार (ध्येय या शरीर के, भीतरी या बाहरी लक्ष्य देश या विषय जैसे रुचिकर किसी दृश्य या भोग) में चित्त की स्थापना को ही 'धारणा' कहते हैं। जैसे शरीर के नासिकाग्रभाग, नाभिचक्र, मूलाधारपद्म, हृदय आदि। ध्येय देश या लक्ष्य (किसी एक तत्व) में चित्त के एक तानता सदृश प्रवाह (continuity) को ही "ध्यान" (concentration of mind) कहते हैं। और ध्येयाकार चित्त की स्वरूपावस्था को ही समाधि कहते हैं। धारणा ध्यान और समाधि इन तीनों के एकीकरण को ही 'संयम' कहते हैं।

विभिन्न प्रकार के संयमों द्वारा योगज्ञ ऋषियों ने अनेक ऐसे गूढ़ तत्वों का साक्षात्कार किया था, जो आज भी दुनियां के बड़े २ बुद्धिमानों और विज्ञानियों (scientist) की समझ में नहीं आ रहे हैं, और न वहां तक अभी उनकी पहुंच हो सकी है। उदाहरणार्थ, फोटन्स या

सैन्सडेटा (Photons or Sense-data) में सत्वांश या मानसिक तत्व अभी अज्ञात है।

❀ – अतः वेद 'अपौरुषेय' (Revelation) हैं — ❀ रोज़ काम में न आने वाले अनेक वैदिक शब्दों के आशय आज भी मौजूद, महर्षि यास्क के निरुक्त से समझ में आ सकते हैं। उनके अनेक गूढ़ विषय, वर्तमान वेदों के मन्त्रों, उपनिषदों तथा वेदों से निकली अनेक संहिताओं और पुराणों की सहायता से आज भी उपकारी और वैज्ञानिक सिद्ध होते हैं। यज्ञादि के विषय हास्य योग्य नहीं है। वेद के मन्त्र गड़रियों के गीत नहीं हैं। केवल वैदिक सृष्टि क्रम तथा तत्वज्ञान पर आश्रित या आधारित अहिंसा, सत्य, अस्तेय आदि लक्षणों वाले मानवधर्म को ही नवीन वैज्ञानिक फ़िजिक्स नहीं हिला सकी। किन्तु अन्य धर्मों के आधार तो चलायमान होते देखे जा रहे हैं। अंगरेजी में नीचे दिये इसके समर्थक प्रमाण योरोपियन्स के नवीन वैज्ञानिक ग्रन्थों से दिये जाते हैं। आर्य शास्त्रों जैसे वेद, दर्शन, स्मृति और गीता आदि सब ही में पुरुष और प्राणियों या जीवों के मन, अन्तःकरण, चित्त, आत्म या बुद्धितत्व का, अनादि काल से सम्बन्ध जारी है। जगत की उत्पत्ति प्राण और रयि, पुरुष और प्रकृति, ईश्वर और माया (गुणत्रयों की साम्यावस्था) या पुरुष और चितिशक्ति से ही है। इसी विज्ञान के आधार पर अनेक दार्शनिक सिद्धान्तों की उत्पत्ति हुई है। उपनिषदों में जीव और परमात्मा की समतावस्था को ही योग कहते हैं। जीव अल्पज्ञ और ईश्वर सर्वज्ञ बताया गया है।

Religion—we use the word in its widest significance—has travelled as far from crude ... It has to be admitted, however, that in its outlook and by reason of formulated and static creeds Religion has lagged behind Science in achieving wider vision.... The relations of science and religion have become altered.... As knowledge has grown, so have men's religious beliefs passed from one phase to another in the Light of To-day.

It is probably true that the bulk of educated men and women of our day are alienated from all organised forms of religion. As Dr. Maurice Wilson remarks, "The great majority of them are very far from being opposed, or even indifferent, to religion : they are not atheistic. But they find the popular, traditional, and apparently authorised presentation of Christian theology by the Churches confused and contradictory, or superficial and obscurantist, and as it stands, to them impossible" (Evolution in the Light of Modern Knowledge).

Dr. Wilson puts the matter in a nutshell when he says :

२३

It has been the universal assumption in the past that there were two separate spheres of existence, ... distinct in kind. ... 'natural' and "supernatural,"......................Parts of Christian theology have been occupied with them. These were "first thoughts." But now the human mind—is rejecting the whole conception ...It identifies in kind what we have called the supernatural with the natural. It makes the spiritual and the natural continuous and equally divine... This identification is, as it were, regularised as well as illustrated by the idea of evolution. ... There is continuity. To us intelligence, mind, spirit, is now seen as one long continuous chain, of which we see neither beginning nor end. We are perhaps at least as far from the top of it as we are from the bottom.

It is Mr. Middleton Murry makes a remark ... truth ... Believers in evolution, and believers in traditional Christianity ... are both committed to a belief in the possibility of a new kind of man.

"Modern Science & Modern Thought (1885) by Samuel Laing...

created ... a stir...it attacked current theologies and current dogmas ... is now very much behind the times..." Science has advanced by leaps and bounds within the last thirty years; in ... Laing's book explaining "modern" Science, you will not find the word "electron" for nothing was known about that; you will look in vain for "radio activity" ... "relativity" theory, or the "quantum." To-day these words spell magic; and like-wise ... "chromosomes" and genes" in biology, "hormones" and "ductless gland's in physiology and so on..."

They regard consciousness as fundamental; everything else is to be derived from it ... The motive of science is the discovery of facts about the universe itself ... We cannot conceive a universe made out of nothing ... That the physical universe ... essentially immaterial in its nature, that the electron theory ...... is accepted scientific truth ...

Ref. Extracts from Outline of Modern Belief, Science, & Thought, Edited By J.W.N. Sullivan and Walter Grierson (The Inquiring Man). Pages i & 1 of Part 1 and Pages 510 & 511 of Part 9.

ऊपर लिखे विषयों के समर्थन तथा स्पष्टीकरण के लिये कुछ प्रमाण —

आर्य शास्त्रों के आधार पर पिण्ड और ब्रह्माण्ड या पुरुष और लोक के रचना के मूल तत्वों तथा ऊपर प्रकाशित अन्य विचारों के समर्थक कुछ आप्त शब्दों को उदाहरणार्थ उद्धृत करना आवश्यक है। इनसे वेदों के मन्त्रों में प्रकाशित भावों की सत्यता तथा वैज्ञानिकता आज की नवीन साइन्स (New or Modern European Sciences) के दृष्टिकोण से भी सिद्ध होती हैं। ये योगी और गृहस्थों दोनों के प्राण संयमार्थ उपयोगी हैं।

आज हिन्दू नामधारी आर्यजाति में प्रचलित मानवधर्म और उसके सिद्धान्तों के आधार पर ही उत्पन्न अनेक सन्त पन्थों की अहिंसा, सत्य, अस्तेयादि पर आश्रित वर्ण आश्रमी व्यावहारिक धर्म स्थित है। अहिंसा भक्त इस देश में उक्त यम-नियमों को नष्ट भ्रष्ट करके, वर्तमान मनुष्यों द्वारा नये सामाजिक विधानों की रचना से सुख और शान्ति की चिरस्थाई स्थापना हो, ऐसा असंभव है। ये दोनों तो वहीं स्थिर रह सकेंगी जहां वेदोक्त दैवी यम नियमादि का पालन होता रहेगा। वेदों के सम्बन्ध से उनको न माना जाय यह दूसरी बात है। ईसा ने उनमें से १० यम नियमादि का उपदेश किया था। बुद्ध भगवान ने चार का ही प्रचार किया था। वर्तमान युग में हमारे संसार प्रसिद्ध महात्मा गांधी जी ने सत्य और अहिंसा की आवश्यकता स्वयं अपने प्राण की आहुति से सिद्ध करके दिखादी।

इस चतुर वर्णाश्रम धर्म के आधार तथा स्वरूप को भगवान श्री कृष्ण ने अपनी गीता में चतुर्वर्णों के योग्य समझाया है। और दैवी तथा आसुरी सम्पत्ति प्रधान मनुष्यों की जातियों के प्राकृत तथा आहार, विहार, व्यवहारादि में मद प्रकाशक भावों को भी दिखाया है। हमारे देश के लोग इनके तोड़ने का प्रयत्न कर रहे हैं। विदेशी मानव प्रकृति शास्त्र के विशेषज्ञों का स्थिर मत ये है कि मनुष्य जाति का खून (blood groups) विभिन्न देशों में चार प्रकार के ही भिन्न हैं। एक और पांचवा बताया जाता है। किसानों और पशु पालकों का कहना है कि पशुजाति में भी दोगली सन्तानें प्रायः दुःख पहुंचाने वाली (जैसे खच्चर) होती हैं।

वैदिक दैवी यम नियम तो, इस सृष्टि में एक अद्वितीय सच्चिदानन्द स्वरूप विभु शिव (कल्याणकारी) तत्व और उससे सदा अपृथक रहने वाली जगज्जननी शक्ति के ऐक्य तथा अभेद ज्ञान पर ही आधारित हैं। इनके समर्थन में जिज्ञासुओं के तोषणार्थ प्रमाण नीचे दिये जाते हैं:—

हिरण्यगर्भः समवर्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत (ऋगवेद और यजुर्वेद)। ❀। हिरण्यगर्भो योगस्य वक्ता नान्यः पुरातनः ॥ ❀ ॥ (महाभारत)। हिरण्यगर्भो भगवानेष बुद्धिरिति स्मृतः महानिति योगेषु विरंचिति चाप्यजः। ❀ ❀। अहं सर्वाणि भूतानि भूतात्मा भूतभावनः। शब्दब्रह्म परं ब्रह्म ममोभे शाश्वती तनुरिति। (श्रीभागवत् स्कन्ध ६, अध्याय १६)

"तत्व" और तत्त्वज्ञानोत्पत्ति प्रकार— । सतश्च सद्भावोऽसतश्चाऽसद्भावः।

सत सदिति गृह्यमाणं यथाभूतमऽविपरीतं तत्त्वं भवति, असच्चाऽसदिति गृह्यमाणं यथाभूतमविपरीतं तत्त्वं भवति ।

समाधिविशेषाभ्यासात् ॥ ३८ ॥

स तु प्रत्याहृतस्येन्द्रियार्थेभ्या मनसा धारकेण प्रयत्नेन धार्यमाणस्यात्मना संयोगस्तत्त्वबुभुत्साविशिष्टः ··· तदभ्यासवशात् तत्त्वबुद्धिरुत्पद्यते ॥३८॥ ❀ अरण्यगुहापुलिनादिषु योगाभ्यासोपदेशः ॥ ४२ ॥ (प्रसन्नपदापरिभूषित न्यायभाष्य अ० ४ आह्निक २)

आत्मेन्द्रिय मनोर्थानां सन्निकर्षात्प्रवर्तते । ··· ··· सशरीरस्थ योगज्ञास्तद्योगमृषयो विदुः ॥ आवेशश्चेतसो ज्ञानमर्थानां छन्दतः क्रिया । दृष्टिः श्रोत्रं स्मृतिः कान्तिरिष्टतश्चाप्यदर्शनम् । इत्यष्टविधमाख्यातं योगिनां बलमैश्वरम् । शुद्धसत्वसमाधानात्तत्सर्वमुपजायते । ॥ चरकसंहिता ॥

मायां च प्रकृतिं विद्यात् । मायिनं तु महेश्वरं । प्रकृतिस्तुत्रयोविंशतितत्त्वकारणानि सत्वादि नामक सूक्ष्मद्रव्याणि असंख्यानि गुणशब्दश्च तेषु पुरुषोपकरणत्वात् पुरुषबन्धकत्वाच्च प्रयुज्यते । तच्चगुणत्रयं सुखदुःखमोहधर्मकत्वात् सुखदुःखमोहात्मक मुच्यते । पुरुषाणां सर्वार्थसाधकत्वात् राजामात्यवत् प्रधानमुच्यते, जगदुपादानत्वात् प्रकृतिर्जगन्मोहकत्वाच्च माया इत्युच्यते । वैशेषिकादिभिश्च स्व स्व परिभाषया परमाण्वादि शब्दैश्चोच्यते । नामरूपविनिर्मुक्तं यस्मिन् सन्तिष्ठते जगत् । तमाहुः प्रकृतिं केचिन्मायामेके परे त्वणून । ❀ ❀ त्रिगुणात्मकं मायाख्यं प्रधानमिति ❀

नासद्रूपा न सद्रूपा माया नैवोभयात्मिका । सदसद्भ्यामनिर्वाच्या मिथ्याभूता सनातनी ॥ ❀ न तु प्रपञ्चस्य अत्यन्ततुच्छता अत्यन्त विनाशिता वा वेदान्त सिद्धान्तः 'नाभाव उपलब्धेः', 'भावे चोपलब्धेः' इति वेदान्त सूत्राभ्यामेव···वैधर्म्याच 'न स्वप्नादिवत्' इत्यादि । ❀

अन्यथा 'सन्ध्ये सृष्टिराह हीति' वेदान्तसूत्रेणैव स्वप्ने सृष्ट्यवधारणं विरुध्येत न स्वप्नादिवदिति वेदान्तसूत्रञ्च जाग्रतप्रपञ्चस्य केवलमानसत्वमेव निराकरोति । एतेन स्वप्नादिदृष्टान्तैः प्रपञ्चस्य मनोमात्रत्वाभ्युपगमो नवीनवेदान्तिनामपसिद्धान्त एव । वेदान्तसूत्रेणापि स्वप्नतुल्यत्वाभाव निर्णयात् ।

सूक्ष्मविषयत्वं चालिङ्गपर्य्यवसानम् ॥ ४५ ॥

पार्थिवस्य अणोः गन्धतन्मात्रं सूक्ष्मो विषयः, ··· तेषामहङ्कारः, अस्यापि लिङ्गमात्रं सूक्ष्मो विषयः, लिङ्गमात्रस्याप्यलिङ्गं सूक्ष्मो विषयः, न चालिङ्गात्परं सूक्ष्ममस्ति नन्वस्ति पुरुषः सूक्ष्म इति, ··· ॥ (पातञ्जलयोगदर्शन) ।

सृष्टिक्रम — "एतस्माज्जायते प्राणो मनः सर्वेन्द्रियाणि च । खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवी विश्वस्य धारिणी ॥ सांख्योक्तसृष्टिक्रमे स्पष्टैव श्रुतिरस्ति यथा गोपालतापनीये । एकमेवाद्वितीयं ब्रह्मासीत् तस्मादव्यक्तमेवाक्षरं तस्मादक्षरान्महत् महतो (from consciouness) वै अहंकारः (I-making) तस्माद्वा अहङ्कारात् पञ्चतन्मात्राणि तेभ्यो भूतादीनि इति । (गोपालतापनीय उपनिषत्)

वेदान्तसूत्रैरपि मुख्यवाक्यैरेव सूचितका……।" विज्ञान भिक्षुयोग वार्तिक—(साधनपाद)

"एवं ह वै तत्सर्वं परे आत्मनि सम्प्रतिष्ठते पृथिवी च पृथिवीमात्रा इत्यादिना …परमात्मनि सर्वं त्रयोविंशतितत्त्वं तिष्ठति समुद्रे नदनदीवदित्युक्तम् अतः चतुर्विंशतितत्त्वानि प्रत्यक्षश्रुत्या स्मृत्यनुमेयश्रुत्या च सिद्धानि। अद्वैतश्रुतिस्तु न तासां बाधिका व्यवहार परमार्थभेदेन विषयभेदात्।

"इहैवान्तः शरीरे सोम्य स पुरुषो यस्मिन्नेताः षोडशकलाः प्रभवन्तीति॥ २॥ स ईक्षांचक्रे … …॥ ३॥ स प्राणमसृजत प्राणाच्छ्रद्धां खं वायुर्ज्योतिरापः पृथिवीन्द्रियम्॥ मनोऽन्नमन्नाद्वीर्यं तपोमन्त्राः कर्मलोका लोकेषु च नाम च॥ ४॥ प्रश्नोपनिषत्॥ वायुः प्राणस्तथाकाशस्त्रिविधो जीवसंज्ञकः। सजीवः प्राण इत्युक्तो…॥ सकारं च हकारं च जीवो जपति सर्वदा॥ उप०। 'प्राणान क्षेत्रज्ञरूपे धारयन् जीवः उच्यते"॥ विष्णुसहस्रनाम॥ प्राणंदेवा अनुप्राणन्ति "मनुष्याः पशवश्चये। प्राणोहि भूतानामायुः।"॥ तैत्तरीय उपनिषत्॥ सर्वाणि…भूतानि प्राणमेवाभिसंविशन्ति प्राणमभ्युज्जिहते।॥ छान्दोग्योपनिषत्॥ दिव्योह्यमूर्तः पुरुषः स बाह्याभ्यन्तरो ह्यजः…॥ २॥ एतस्माज्जायते मनः।३।॥ मुण्डकोपनिषत्॥ तस्मै…प्रजापतिः… मिथुनमुत्पादयते। रयिं च प्राणं च…।॥ ४॥ आदित्यो ह वै प्राणो रयिरेव चन्द्रमा…मूर्ति रेव रयिः।५।॥ प्रश्नोपनिषत्॥ वायुस्तन्त्रयंत्रधरः… प्रवर्त्तकश्चेष्टानाम… भगवान वायुः, स्थित्युत्पत्ति विनाशेषुभूतानां कारणम्। (चरक) ❀ प्राणाह्यभन्तरोनृणां बाह्यप्राणगुणान्वितः। धारयस्य विरोधेन शरीरं…।॥ सुश्रुत॥

आभ्यन्तरः प्राणोऽग्निषोमादिः, येन प्राणी जीवति । अग्निः सोमो वायुः सत्वं रजस्तम पञ्चेन्द्रियाणि, भूतात्मा इति द्वादश: प्राणाः ॥ ❀ ॥ तत्र वायो (यु) रात्मैवात्मा, पित्तमाग्नेयं, श्लेष्मा सौम्य इति ॥ ❀❀ ॥ तत्र रसादीनां शुक्रान्तानां धातूनां यत्परं तेजस्तत् खल्वोजस्तदेव बलमित्युच्यते, स्वशास्त्रसिद्धान्तात् ॥२१॥ ❀ ओजः सोमात्मकं स्निग्धं शुक्लं शीतं स्थिरं सरम् । ...प्राणायतनमुत्तमम् ॥ २३ ॥ सुश्रुत ॥

सर्वभूतचिन्ताशारीर—सर्वभूतानां कारणमकारणं सत्त्वरजस्तमोलक्षणमष्टरूपमखिलस्य जगतः संभवहेतुरव्यक्तं नाम । तदेकं बहूनां क्षेत्रज्ञानामधिष्ठानं समुद्र इवोदकानां भावानाम् । ३ । तस्मादव्यक्तान्महानुत्पद्यते तल्लिङ्ग एव; तल्लिङ्गाच्च महतस्तल्लक्षण एवाहङ्कार उत्पद्यते, स त्रिविधो वैकारिकस्तैजसो भूतादिरिति; तत्र वैकारिकादहङ्कारात्तैजससहायात्तल्लक्षणान्येवैकादशेन्द्रियाण्युत्पद्यन्ते, तद्यथा—श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणवाग्घस्तोपस्थपायुपादमनांसीति, तत्र पूर्वाणि पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि, इतराणि पञ्च कर्मेन्द्रियाणि, उभयात्मकं मनः; भूतादेरपि तैजससहायात्तल्लक्षणान्येव पञ्चतन्मात्राण्युत्पद्यन्ते, तद्यथा—शब्दतन्मात्रं, स्पर्शतन्मात्रं, रूपतन्मात्रं, रसतन्मात्रं, गन्धतन्मात्रमिति; तेषां विशेषाः शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाः; तेभ्यो भूतानि व्योमानिलानलजलोर्व्यः एवमेषा तत्त्वचतुर्विंशतिर्व्याख्याता । ४ ।

"न... तस्मात् क्षेत्रज्ञाधिष्ठितात् । अव्यक्तान्महानिति बुद्धितत्वं, तत्तु सत्वसमुद्रेकाभि-

मलस्फटिकोपलप्रख्यं चिच्छायासंक्रान्तिप्राप्तचैतन्यं पुरुषवज्ञानात्मकमध्यवसेयविषयं निश्चितार्थ-कारणमित्यर्थः । उत्पद्यते व्यक्तीभवति" । (डल्हन टीकाकार)

आत्मच्छायासंक्रान्तिप्राप्तचैतन्यं । (पातञ्जल योगदर्शन)

तत्र, बुद्धीन्द्रियाणां शब्दादयो विषयाः; कर्मेन्द्रियाणां यथासंख्यं वचनादानानन्दविसर्ग विहरणानि । ५ । अव्यक्तं महानहङ्कारः पञ्चतन्मात्राणि चेत्यष्टौ प्रकृतयः; शेषाः षोडश विकाराः । स्वः स्वश्चैषां विषयोऽधिभूतं; स्वयमध्यात्मं; अधिदैवतं तु—बुद्धेर्ब्रह्मा, अहङ्कारस्येश्वरः, मनसश्च-न्द्रमाः, दिशः श्रोतस्य, त्वचोवायुः, सूर्यश्चक्षुषः, रसनस्यापः, पृथ्वी घ्राणस्य, वाचोऽग्निः, हस्तयो-रिन्द्रः, पादयोर्विष्णुः, पायोर्मित्रः, प्रजापतिरुपस्थस्येति । ७ । तत्र सर्व एवाचेतन एष वर्गः, पुरुषः पञ्चविंशतितमः कार्यकारणसंयुक्तश्चेतयिता भवति । सत्यप्यचैतन्ये प्रधानस्य पुरुषकैवल्यार्थं प्रवृत्ति-मुपदिशन्ति क्षीरादींश्चात्र हेतूनुदाहरन्ति । ८ । अत ऊर्ध्वं प्रकृतिपुरुषयोः साधर्म्यवैधर्म्ये व्याख्या-स्यामः । तद्यथा—उभावप्यनादी, उभावप्यनन्तौ, उभावप्यलिङ्गौ, उभावपि नित्यौ, उभावप्यनपरौ, उभौ च सर्वगताविति; एका तु प्रकृतिरचेतना त्रिगुणा बीजधर्मिणी प्रसवधर्मिण्यमध्यस्थधर्मिणी चेति, बहवस्तु पुरुषाश्चेतनावन्तोऽगुणा अबीजधर्माणोऽप्रसवधर्माणो मध्यस्थधर्माणश्चेति । ९ । तत्र कारणानुरूपं कार्यमिति कृत्वा सर्व एवैते विशेषाः सत्वरजस्तमोमया भवन्ति; तदञ्जनत्वा-त्तन्मयत्वाच्च तद्गुणा एव पुरुषा भवन्तीत्यके भाषन्ते । १० । स्वभावमीश्वरं कालं यदृच्छां नियतिं तथा । परिणामं च मन्यन्ते प्रकृतिं पृथुदर्शिनः । ११ । (सुश्रुत शारीरस्थान अ० १)

चेतनाधातु–तत्र पूर्वं चेतनाधातुः सत्त्वकरणो गुणग्रहणाय प्रवर्त्तते, स हि हेतुः कारणं निमित्तमक्षरं कर्त्ता मन्ता वेदिता बोद्धा द्रष्टा धाता ब्रह्मा विश्वकर्मा विश्वरूपः पुरुषः प्रभवोऽव्ययो नित्यः गुणी ग्रहणं प्रधानमव्यक्तं जीवोज्ञः पुद्गलश्चेतनावान् विभुर्भूतात्मा चेन्द्रियात्मा चान्तरात्मा चेति । ··· ॥ ८ ॥ ❀❀ तत्रास्य ··· ··· आकाशात्मकं शब्दः श्रोत्रं लाघवं सौक्ष्म्यं विवेकश्च । वाय्वात्मकं स्पर्शः स्पर्शनं च रौक्ष्यं प्रेरणं धातुव्यूहनं चेष्टाश्च शारीर्यः । अग्न्यात्मकं रूपं दर्शनं प्रकाशः पक्तिरौष्ण्यञ्च अबात्मकं रसो रसनं शैत्यं मार्दवं स्नेहः क्लेदश्च । पृथिव्यात्मकं गन्धो घ्राणं गौरवं स्थैर्यं मूर्तिश्च ॥१२॥ 'लोकसंमतः पुरुषः–यावन्तो हि लोके भावविशेषाः, तावन्तः पुरुषे,' ❀

तस्य पुरुषस्य पृथिवी मूर्तिरापः क्लेदस्तेजोऽभिसन्तापो वायुः प्राणो वियच्छुषिराणि ब्रह्मान्तरात्मा । यथा खलु ब्राह्मी विभूतिर्लोके तथा पुरुषेऽप्यान्तरात्मिकी विभूतिः, ब्रह्मणो विभूतिर्लोके प्रजापतिरन्तरात्मनो विभूतिः पुरुषे सत्त्वम्, यस्त्विन्द्रो लोके पुरुषेऽहङ्कारः सः, आदित्यस्त्वादानम्, रुद्रो रोषः, सोमः प्रसादः, वसवः सुखम्, अश्विनौ कान्तिः, मरुदुत्साहः, विश्वेदेवाः सर्वेन्द्रियाणि सर्वेन्द्रियार्थाश्च, तमो मोहः, ज्योतिर्ज्ञानम्, यथा लोकस्य सर्गादिस्तथा पुरुषस्य गर्भाधानम्, यथा कृतयुगमेवं बाल्यम्, यथा त्रेता तथा यौवनम्, यथा द्वापरं तथा स्थाविर्यम्, यथा कलिरेवमातुर्यम्, यथा युगान्तस्तथा मरणमित्येवमनुमानेनानुक्तानामपि लोकपुरुषयोरवयवविशेषाणामग्निवेश सामान्यं विद्यात् ॥ ६ ॥

प्रसंगवश भारत के वर्तमान युगीय साइन्स प्रेमी शिक्षित युवकों के विचारार्थ आर्य और नवीन योरोपियन वैज्ञानिक ग्रन्थों से नीचे समान भाव प्रकाशक थोड़े वचन, वेदों के अपौरुषेयत्व को दिखाने के लिये उद्धृत किये गये हैं। इनमें से कई योरोपियन्स के आविष्कार कहे जाते हैं। इन दोनों को विचारपूर्वक मनन करने तथा ऐसे तुलनात्मक अनुसंधानों से ही योरोपियन विज्ञान की अपरिपक्व दशा या कमी समझ में आ सकेगी।

यः सर्वव्यापी ···तत् शुक्लं यत् शुक्लं तत् सूक्ष्मं, यत् सूक्ष्मं तत् वैद्युतं, यत् वैद्युतं तत् परं ब्रह्म··· स रुद्रः ···स भगवान महेश्वरः। ३। अथ शिर उपनिषत् (वैद्युतं = स्वप्रकाशं)॥ अग्निरपि रुद्र उच्यते। शब्दं कुर्वाणो मेघोदरस्थो द्रवति इति। (निरुक्त दैवतकाण्ड)

"ॐ ··· । ··· तस्माद्वा एतस्मादात्मन आकाशः (Cf. Space, ether) सम्भूतः। आकाशाद्वायुः (Cf. gases) वायोरग्निः (Cf. electricity, light & heat) अग्नेरापः (Cf. watery fluid)। अद्भ्यः पृथिवी (Cf. solid body) पृथिव्या ओषधयः। ओषधीभ्योऽन्नम्। अन्नात्पुरुषः। स वा एष पुरुषोऽन्नरसमयः। ···" तै. उ. ब्रह्मानन्दवल्ली। २।

नावस्तुनो वस्तु सिद्धिः। ७८, अ. १। नाणुनित्यता तत् कार्यत्वश्रुतेः। ८७, अ. १। (सांख्य दर्शन)

नोट—प्रकृति पर्यायाः—अव्यक्तं कारणं यत तत् प्रधानमृषिसत्तमैः प्रोच्यते प्रकृतिः सूक्ष्मा नित्यं सदसदात्मकम्॥ शब्दस्पर्शविहीनं तद् रूपादिभिरसंयुतम्। त्रिगुणं तत् जगद्योनिरनादि-

प्रभवाप्ययम् ॥ ❀ ॥ महानतत्व (बुद्धि) तस्य पर्यायाः —महानात्मा मतिर्विष्णुर्जिष्णुः शम्भुश्च वीर्यवान् । बुद्धिः प्रज्ञापलब्धिश्च तथा ब्रह्मा धृतिः स्मृतिः ॥ पर्यायवाचकैरेतैर्महानात्मा निगद्यते । सर्वतः पाणिपादश्च सर्वतोऽक्षिशिरोमुखः ॥ ❀ ॥ (सांख्यसार) । महान्, बुद्धिः, मतिः, प्रज्ञा, संवित्तिः, ख्यातिः, चितिः, स्मृतिरासुरी हरिः, हरः हिरण्यगर्भ इति पर्यायाः (सांख्यकारिका)

सत्वात्मिका बुद्धि – तत्र बुद्धेः सात्त्विकं रूपं चतुर्विधं भवति धर्मो ज्ञानं वैराग्यमैश्वर्यमिति । तत्र धर्मो नाम वर्णिनामाश्रमिणां च समयाविरोधेन यः प्रोक्तो यमनियमलक्षणः स धर्मः। तत्र पञ्च यमाः। पञ्च नियमाः । अहिंसासत्यास्तेयब्रह्मचर्याऽपरिग्रहा यमा । शौचसन्तोषतपः स्वाध्यायेश्वरप्रणिधानानि नियमाः । एभिर्यमनियमैर्यः साध्यते स धर्मः । ❀ धारणार्थो धृञित्येष धातुः शाब्दैः प्रकीर्तितः । दुर्गतिप्रपतत्प्राणिधारणात् धर्म उच्यते ॥ साङ्ख्य कारिका

त्रिविधं खलु सत्वं शुद्धं राजसं तामसमिति । ··· तद्यथा—ब्राह्मं, आर्षं, ऐन्द्रं, याम्यं, वारुणं, कौबेरं, गान्धर्वं इत्येवं शुद्धस्य सत्वस्य सप्तविधं भेदांशं विद्यात् कल्याणांशत्वात् । ❀ शूरं, आसुरं, राक्षसं, पैशाचं, सार्पं प्रैतं, शाकुनं इत्येवं राजसस्य सत्वस्य षड्विधं भेदांशं विद्यात् रोषांशत्वात् । ❀ पाशवं, मात्स्यं, वानसपत्यं इत्येवं तामसस्य सत्वस्य त्रिविधं भेदांशं विद्यान्मोहांशत्वात् । (चरक)

अथ ये हिंसामुत्सृज्य विद्यामाश्रित्य महत्तपस्तेपिरे ज्ञानोक्तानि वा कर्माणि कुर्वन्ति

तेऽर्चिरभिसम्भवन्ति, अर्चिषोऽह्नः अह्न आपूर्यमाणपक्षम्, आपूर्यमाणपक्षादुदगयनम्, उदगयनाद्देवलोकम्, देवलोकादादित्यम्, आदित्याद्वैद्युतम्, वैद्युतान्मानसम्, मानसः पुरुषो भूत्वा ब्रह्मलोकमभिसम्भवन्ति, ते न पुनरावर्त्तन्ते शिष्टा दन्दशूका यत इदं न जानन्ति तस्मादिदं वेदितव्यम् १४ । ६ ॥ (निरुक्त परिशिष्ट) ❀ जीव–अहङ्कारोऽभिमानश्च कर्ता मन्ता च संस्मृतः । आत्म देही च जीवो यतः सर्वाः प्रवृत्तयः ॥ एकादशेन्द्रियदेवाश्च— दिग्वातार्क– प्रचेतोश्विवन्हीन्द्रोपेन्द्रमित्रकाः चन्द्रश्च । (सांख्यसार)

रजस्तमसोरभिभवात् शान्ता वृत्तिरुत्पद्यते सत्वस्य धर्माद्या । सत्वतमसोरभिभवात् रजसो घोरा वृत्तिरुत्पद्यते अधर्माद्या । सत्वरजसोरभिभवात् तमसो मूढा वृत्तिरुत्पद्यते अज्ञानाद्या ।

बुद्धीन्द्रियाणि श्रोत्रत्वक्चक्षुर्जिह्वाघ्राणानि पञ्च तानि सविशेषं गृह्णन्ति अविशेषमपि विषयं गृह्णन्ति । अत्राह–कस्य सविशेषं विषयं गृह्णन्ति कस्य निर्विशेषमिति । अत्रोच्यते शब्द-स्पर्शरसरूपगन्धाः पञ्च देवानां तन्मात्रसंज्ञिता निर्विशेषाः केवलसुखलक्षणत्वात् । यस्मात्तत्र दुःखमोहौ न स्तः तस्मान्निर्विशेषास्ते इति । तथा हि विशिष्यन्ते शान्तघोरमूढत्वादिनेति विशेषाः तैः सह सविशेषाः, केवला निर्विशेषा इति तात्पर्यम् । एवं शब्दादयो मनुष्याणां सविशेषाः सुख-दुःखमोहयुक्ता इत्यर्थः । देवानां तु बुद्धीन्द्रियाणि निर्विशेषं सुखात्मकं प्रकाशयन्ति । सांख्यकारिका

"विश्वकर्मा विमना आद्विहाया० (ऋ० सं० ८, ३, १७, २)" । आत्मानमधिकृत्य विश्वकर्मणो व्याख्यानम् अध्यात्मम् ··· सोऽयमात्मा प्रतिशरीरं क्षेत्रज्ञत्वेन स्वविशेषेण विज्ञानशक्त्याधिकार-

मनुभवन् हिरण्यगर्भावस्थमधिदैवमित्युच्यते । "यत्रा सप्तऋषीन्" 'यत्र इमानि सप्तऋषीणानि इन्द्रियाणि' द्रष्टृणि, इन्द्रियाणि 'ज्योतींषि' एकमाहुः । क ? बुद्धौ तस्यामपि ह्येतेषामेकत्वमस्तीति । किं तत्रैव ? न—इति उच्यते "पर एकमाहुः न यतः परतरमस्ति तस्मिन् परतरे विश्वकर्मणि यदत्र शक्तिमात्रं यदुपविष्टं भात् परमात्मा नित्यतृप्तः । "यत्रा सप्तऋषीन् पर एकमाहुः" । "यत्र एतानि सप्तर्षीणानि" रसानामाकर्षणानि, द्रष्टृणि वा रश्मीन् , "ज्योतींषि" "एकं" भवन्ति, अविभागमुपगच्छन्ति, मण्डले-अविभागः । इन्द्रियाणां संदर्शयिता' तत्कृतत्वाद् विषयविषयिसम्बन्धस्य, इन्द्रियाणां च तदधिष्ठितानां प्रतिविषयमालोकसामर्थ्योपजननात् तस्य विश्वकर्मणः परमात्मनः ।' निरुक्त

प्रकाशक्रिया,स्थितिशीलं भूतेन्द्रियात्मकं भोगापवर्गार्थं दृश्यम् ॥ १८ ॥ ❀❀ प्रकाशशीलं सत्त्वं, क्रियाशीलं रजः, स्थितिशीलं तम इति, एते गुणाः ··· । तदेतत् दृश्यं भूतेन्द्रियात्मकं भूतभावेन पृथिव्यादिना सूक्ष्मस्थूलेन परिणमते, तथेन्द्रियभावेन श्रोत्रादिना सूक्ष्मस्थूलेन परिणमत इति । अन्योन्याङ्गाङ्गिभावेन उत्पादितेऽपि द्रव्ये प्रकाशगुणः सत्त्वस्यैव क्रियागुणो रजस एव स्थितिगुणस्तमस एवेत्यतो न प्रकाशादिशक्तिविभागस्य सम्भेदः सम्मिश्रणमित्यर्थः । ❀ एतद्-गुणत्रयमेव कार्य्यकारणभावापन्नं दृश्यमुच्यते नास्ति ततोऽतिरिक्तं दृश्यान्तरमित्यर्थः । अतएव च गुणा न्यायवैशेषिकाभ्यां द्रव्याष्टकरूपेण विभज्यन्ते । वेदान्तिभिस्तु माया इत्युच्यते । (योगदर्शन व्यासभाष्य तथा विज्ञानभिक्षु वार्तिक)

"लोको हि द्विविधात्मक···आग्नेयः सौम्यश्च ॥ "—सुश्रुत । " द्वयं···न तृतीयमस्ति ।

आर्द्रञ्चैव शुष्कञ्च यच्छुष्कं तदाग्नेयं यदार्द्रं तत्सौम्यथ ॥ ···अग्नीषोमयोर्हैतावती विभूतिः प्रजातिः ॥ २३ ॥ (शतपथ ब्रा० काण्ड १, प्रपाठक ५, ब्रा० २, अ० ४, मन्त्र २३)। "अग्नीषोमात्मकं विश्वम्···। रौद्री घोरा या तैजसी तनूः ···स्थूलसूक्ष्मेषु भूतेषु स एव रसतेजसी ॥ द्विविधा तेजसो-वृत्तिः (Vibratory or electrical energy) सूर्यात्मा चानलात्मिका तथैव रसशक्तिश्च (Chemical energy) सोमात्मा चानलात्मिका ॥ २ ॥ वैद्युतादिमयं तेजो मधुरादिमयो रसः। ··· ॥ ३, ४ ॥ ऊर्ध्व शक्तिमयं सोम अधोशक्तिमयोऽनलः। ··· ॥ ५ ॥ (बृहज्जाबालोपनिषत्)

आग्नेय और चन्द्रमा सौम्य बताये गये हैं। इन्हीं की विपरीत गुणवाली रश्मियों से या शिव के तेज से ब्रह्माण्ड के सब लोक प्रकाशित हो रहे हैं। ब्रह्म त्रिविध वपु या शरीर वाला है। इस लिये उनमें रश्मियों के प्रभाव से भिन्न २ तरह की पृथ्वी, जल आदि तत्वों की तन्मात्राओं या रश्मि संज्ञक सूक्ष्म तत्वों के प्रतिबिम्ब भी भिन्न २ वर्ण के होते हैं। इसी लिये शरीरस्थ पञ्चतत्वों और सूर्य चन्द्रमा की मिश्रित वर्ण वाली रश्मियों से सुषुम्नान्तर्गत षट्चक्र दलों और सहस्त्रार संज्ञक पद्म के पत्रों या दलों के रङ्गों में भेद है। ये सूक्ष्म वर्ण स्थूल नेत्रों से नहीं देखे जा सकते। रोगकी दशामें जब इनमें फर्क पड़ता है, तब अशुभ सूचक पञ्चतत्वों की छाया वैद्यों द्वारा जानी जा सकती है (चरक, इन्द्रिय स्थान) चक्रों के वर्ण सिद्ध दिव्यचक्षु योगियों या ऋषियों द्वारा देखे गये हैं। उन्हीं से सम्बन्ध रखने वाले वचन संस्कृत, हिन्दी आदि में दिये गये हैं। चक्र पद्म, संख्या, वर्णादि का सार आगे दिया भी जायगा। तत्वों के वाहन या तत्व बीजाणुओं की गतियों के सम्बन्ध में कुछ कहा गया है और कुछ बताया भी जायगा।

तडिल्लेखा तन्वीं तपन शशिवैश्वानरमयीम्। निषण्णांषण्णामप्युपरि कमलानां तव कलाम्। महापद्माटव्यां मृदितमलमायेन मनसा। महान्तःपश्यन्तो दधति परमाह्लादलहरीम् ॥ २१ ॥
मनस्त्वं व्योम त्वं मरुदसि मरुत्सारथिरसि। त्वमापस्त्वं भूमिस्त्वयि परिणतायां नहि परम्। त्वमेव स्वात्मानं परिणमयितुं विश्ववपुषा। चिदानन्दाकारं शिवयुवति भावेन बिभृषे ॥ ३५ ॥

श्लोक ३४ का भाषार्थ—हे शिवपत्नि आपही विश्व कहिए जगत्रूप से आत्मा को परिणाम करने के लिये याने जगत्रूप होने को चिदानन्दाकार को(विभूषे)धारण करती हौ। तुमही मन हौ तुमही आकास हौ तुमही वायु हौ तुमही वन्हि हौ तुमही जल हौ तुमही भूमि हौ। तुम्हारे परिणाम के अनन्तर याने लीला से धारण की गई जो जगद्रूपता ताके पश्चात् अन्य कुछ भी पदार्थ नहीं है यह तात्पर्य्य है। सृष्टिकाल में तुम जगद्रूप होती हौ संहारकाल में चिदानन्द रूप होती हो।

❀ तवाज्ञाचक्रस्थं तपनशशिकोटिद्युतिधरं। परं शम्भुं वन्दे परिमिलितपार्श्वं परचिता ॥ यमा- राध्युं भक्त्या रविशशिशुचीनामविषये। निरालोको लोको निवसति हि भालोकभवने ॥ ३५ ॥ विशुद्धौ ते शुद्धस्फटिकविशदं व्योमजनकं। शिवं सेवे देवीमपि शिवसमानव्यसनिनीम् ॥ ययोः कान्त्या यान्त्या शशिकिरणसारूप्यसरणिं। विधूतान्तर्ध्वान्ता विलसति चकोरीव जगती ॥ ३६ ॥ समुन्मीलत्सम्वित्कमलमकरन्दैकरसिकं। भजे हंसद्वन्द्वं किमपि महतां मानसचरम्। यदा- लापादष्टादशगुणित विद्यापरिणति यदाऽऽदत्ते दोषात्गुणमखिलमद्भ्यः पय इव ॥ ३७ ॥ तव स्वाधिष्ठाने हुतवहमधिष्ठाय नियतं। त मीडे सम्वर्तं जननि महती तां च समयाम्। यदा लोके लोकान्दहति महति क्रोधकलिते। दयार्द्रा ते दृष्टिः शिशिरमुपचारं रचयति ॥ ३८ ॥ ❀

श्लोक ३८ का भाषार्थ—हम सम्वर्तेश्वर नामक शिव व महासमया नाम देवी की स्तुति करते हैं। कैसे शिव हैं तुम्हारा जो स्वाधिष्ठान नाम का दशदल नाभिकमल है तिस्मे हुतवह जो अग्नि

तिसका आश्रय करिके नित्य स्थित है। जिस सम्वर्तेश्वर को आलोक याने नेत्राग्नि जब लोकों को जलाता है तब दया से आर्द्र याने सृष्टि करने की इच्छा से भरी हुई आप की दृष्टि लोकों को शिशिर शीतल उपचार करती है। कैसा सम्वर्तेश्वर का प्रकाश है क्रोधकलिल याने संहारेच्छा के क्रोध से भरा है इसीसे महान है। महती यहां जननी ऐसा पाठ होने में जगत की माता रूप ऐसा अर्थ है। शैवकल्प में नाभिचक्र की स्वाधिष्ठान व लिंगचक्र की मणिपूर ऐसी विपरीत संज्ञा है।३८।

❀ तडित्वन्तं शक्त्या तिमिरपरिपन्थिस्फुरणया। स्फुरन्नानारत्नाभरण परिणद्धेंद्रधनुषम्। तमः श्यामं मेघं कमपि मणिपूरैकरसिकं। निषेवे वर्षन्तं हरमिहिरतप्तं त्रिभुवनम् ॥ ३६ ॥ ❀

श्लोक ३६ का भाषार्थ-हम शंकराचार्य कोई अनिर्वचनीय जो मेघ याने मेघेश्वर नाम शिव उसकी सेवा करते हैं। कैसा मेघ है शक्ति जो सौदामिनी नाम की शक्ति तिस्से तड़ित्वान् अर्थात् वही शक्ति उक्त मेघ में विजुरी है। पुनः स्फुरत् प्रकाश करते हुये जे नाना वर्ण के रत्न तिनसे परिणद्ध विस्तार को प्राप्त है। इन्द्रधनुष जिसमें पुनः तम जो अन्धकार तिस्के सदृश श्याम है पुनः मणिपूर जो षट्दलकमल सोई है एक मुख्य शरणस्थान जिसका पुनः उक्त सम्वर्तशिव हर-स्वरूप जो मिहिरसूर्य तिस्से तप्त प्रलयकाल में दग्ध जो त्रिभुवन तीनों लोक तिस्को सींचता है याने सुखी करता है जैसा प्रसिद्ध मेघ में विजुरी इन्द्रधनुष श्यामवर्ण आकाशस्थान भूम्यादि सेचन धर्म है तैसे ही इसमें भी है। इन दोनों देव को अमृतेश्वर अमृतेश्वरी भी नाम है उपमा रूपक।३६।

❀ तवाधारे मूले सह समयया लास्यपरया । नवात्मानं वन्दे नवरसमहाताण्डवनटम् । उभाभ्या-मेताभ्यामुभयविधिमुद्दिश्य दयया । सनाथाभ्यां जज्ञे जनकजननीमज्जगदिदम् ॥ ४० ॥ ❀

(सौन्दर्य लहरी)

शब्द ब्रह्म (प्रणव ॐ) और कुण्डलिनी सम्बन्ध—

कुण्डली के वास्तविक स्वरूप को समझने के लिये शब्द की उत्पत्ति और प्रणव सृष्टि जानने की आवश्यकता है। यह विषय कठिन अवश्य है। किन्तु वेदों ने सरल बना दिया है। उसका समर्थन नवीन योरोपियन साइन्टिस्ट्स के अनुसंधानों द्वारा हो चुका है। इंगलैण्ड (England) के सर. जे. जीन्स (Sir J, Jeans) द्वारा ग्रीनविच नाम की अवज़रवेटरी (Greenwich Observatory) में, नवीन सितारों के रचना क्रम (Evolution) से वह वैज्ञानिक सिद्ध है। पहले शब्द गुण आकाश (Ether) की उत्पति होती है। उसी में विश्वव्यापी शब्द तरंग और ज्योति या रश्मियों (light) की गति संभव (as shown by Einstein) होती है।

बीजाक्षर (ॐ, ओम्) से परे विन्दु होता है, बिन्दु के परे नाद स्थित है। मकार के क्षीण होने पर पद्म है। उपनिषदों में आत्मा से या इस (आत्म-शक्ति) से आकाश या नाद की उत्पत्ति और क्रमशः वायु अग्नि आदि की उत्पत्ति बताई गई है। सांख्य शास्त्र के अनुसार प्रकृति से पहले महान और महान से त्रिगुणात्मक अहं आदि की सृष्टि बताई गई है। वेद में प्रकृति

को माया कहा है। और वैशेषिक दर्शन में उसी को सत, कारण रहित, नित्य अणु बताया है। योगदर्शन में चिति (कैवल्यपद या स्वस्वरूप में स्थिति) को पुरुषाख्या कहा है। सांख्य में चित् को भोगों की हद (अवसान या लय) का स्थान बताया है। इसी तरह बीजाक्षर (प्रणव) के मकाराक्षर का लय स्थान अस्वर या निः शब्द परं पद बताया है।

तन्त्रों में सकल (प्रकृति सहित) विभु सच्चिदानन्द परमेश्वर से शक्ति की उत्पत्ति बताई गई है। उसी से नाद और नाद से विन्दु की उत्पत्ति कही गई है। सनातन नित्य ब्रह्म सगुण और निगु ण भी माना जाता है। नित्य निर्गुण, सूक्ष्म, सर्वगत्, सदानन्द, विकार रहित साक्षी सनातन शिव (परमेश्वर) समझे जाते हैं। इनका स्थान हृदय है। ये ज्ञानात्मक परं ब्रह्म स्वयं वेद्य हैं। बुद्धि से परे सत्य निष्कल और निर्मल है। वेदों में चैतन्य को ही शुद्ध बुद्ध मुक्त बताया है। वही त्र्यम्बक हैं। सगुण शिव या शक्तिभूत सर्वेश ब्रह्मादि मूर्तियों से भिन्न है। वही कर्त्ता भोक्ता और संहर्त्ता जगन्मय और सकल परमेश्वर है। शिव इच्छासे पराशक्ति तथा शिवतत्त्व के संयोग पश्चात्, जैसे तिल से तेल निकलता है, उसी तरह शक्ति का आदि में आविर्भाव हुआ। शक्ति से नाद हुआ। स्फुरण कालीन निरामय पदोन्मुखी नादात्मना प्रबुद्धा शक्ति पुंरूपा होती है। उसी पुं-शक्ति का घनीभाव क्रियाप्रधान विन्दु है। वह चिन्मात्र शक्ति—तत्त्व ज्योति के सामीप्यता (सन्निधि से) घनीभूत होकर कभी विन्दुता को प्राप्त होती है। वह अभिव्यक्त अखण्ड व्याप्त चिद्रूपिणी, विभू समस्ततत्व भावों तथा विवर्त्तेच्छा समन्वित पराशक्ति क्रिया-

प्राधान्य लक्षण विन्दु में परिणित हो जाती है। अतः बिन्दु शिवशक्त्युभयात्मक है। क्षोभ्य-क्षोभक-सम्बन्ध रूप से त्रिविध हैं। शिवात्मक विन्दु और शक्त्यात्मक बीज के संयोग से नाद-संज्ञक तत्व होता है। इनके योग से तीन शक्तियां उत्पन्न हुई। अर्थात् उन्हीं से क्रमशः रुद्र ब्रह्म रमाधिप उत्पन्न हुये। वे यथा क्रम इच्छा, क्रिया और ज्ञानशक्ति स्वरूपा हैं। अतः वन्हि इन्दुः अर्क स्वरूपी अर्द्धेन्दु-विन्दु-रूप शक्ति के ही अवस्था विशेष हैं (इच्छा-क्रिया-ज्ञानात्मत्व की उत्पत्ति शक्ति में होने से) शक्त्यावस्था रूप प्रथम विन्दु वर्णादि विशेष रहित अखण्ड नादमात्र उत्पन्न होता है। विन्दुरूपिणी प्रकृति से परम्शब्दब्रह्म उत्पन्न हुआ।

प्रणवांश या मात्रा का विद्यु त (विजली) से सम्बन्ध– (निम्न वचनों से स्पष्ट है)

ओमित्ये दक्षरस्यपादाश्चत्वारो ··· रुचिरा भास्वती स्वभा। प्रथमा रक्ता ब्राह्मी ···। द्वितीया शुभा रौद्री ···। तृतीया कृष्णा विष्णुमती ···। चतुर्थी विद्युन्मती सर्ववर्णा पुरुष देवत्या स एष ह्योङ्कारः (अथर्व-शिखोपनित्) "हृदि त्वमसि यो नित्यं तिस्रोमात्रा परस्तु सः। ··· स ओङ्कारः। ··· स प्रणवः। ···तारं ··· सूक्ष्मं ···वैद्युतं ··· परं ब्रह्म ··· रुद्रः ··· भगवान महेश्वरः ॥ ३ ॥ अथ ··· यस्मादुच्चार्यमाण एव प्राणान् ऊर्द्धमुत्क्रामयति तस्मात् ओङ्कारः। ··· यस्मादुच्चार्यमाण गर्भ-जन्म-व्याधि-जरा-मरण-संसार-महाभयात् तारयति त्रायते च तस्मादुच्यते तारम्।··· एव सूक्ष्मो भूत्वा शरीरण्यधितिष्ठति ··· तस्मादुच्यते सूक्ष्मम्। ··· यस्मादुच्चार्यमाण एव व्यक्ते महति तमसि द्योतयति तस्मादुच्यते वैद्युतम्। (शिर उपनिषत्) ।

प्रणवः सर्वदा तिष्ठेत्सर्वजीवेषु भोगतः। अभिरामस्तुसर्वासु ह्यवस्थासु ह्यधोमुखः ॥ ७३ ॥ अकार उकारो मकारश्चेति त्रयोवर्णास्त्रयोवेदास्त्रयो लोकास्त्रयो गुणास्त्रीण्यक्षराणित्रयः स्वरा एवं प्रणवः प्रकाशते। ...। ज्ञानिनामूर्ध्वगो भूयादज्ञाने स्यादधोमुखः ॥ ७८ ॥ ... एवं वै प्रणवस्तिष्ठेत् ... अनाहत स्वरूपेण ज्ञानिनामूर्ध्वगोभवेत् ॥ ७९ ॥ ... भूभु वः स्वरिमेलोकाः सोमसूर्याग्नि देवताः। यस्यमात्रा सु तिष्ठन्ति तत्परं ज्योतिरोमिति ॥ ८५ ॥ क्रिया इच्छा तथा ज्ञानं ब्राह्मी रौद्री च वैष्णवी। त्रिधामात्रास्थितिर्यत्र तत्परं ज्योति रोमिति ॥ ८६ ॥ (योगचूड़ामणिउपनिषत्)

बीजाक्षरात्परं बिन्दुं नादं बिन्दोः परे स्थितम्। सु शब्दश्चाक्षरे क्षीणे निः शब्दं परमं पदम्।

(ध्यानबिन्दूपनिषत्)

शरीर में कुण्डलिनी का स्वरूप, उत्पत्ति, स्थानादि का संक्षिप्त वर्णन—

योग शास्त्र में, जैसा अनेक वचनों से समझाने का प्रयत्न किया गया है, ब्रह्माण्ड या लोक और पिण्ड या पुरुष समान गुणवाले बताये गये हैं। इस लोक के पिण्डों (प्राणियों के शरीरों) में वन्हि जीव और कुण्डलिनी के विशेष स्थान हैं। कुण्डलिनी ही मूलाधार पद्म के त्रिकोण में जीव शक्ति या आत्मशक्ति रूप से स्थित है। उसी शक्ति से जीव प्राणकर्म (Respiratory acts) या स्वासोच्छ्वास कर्म करने और प्राणवाही नाड़ियों में भ्रमण करने में समर्थ होता है। मेरुपृष्ठ में १६ कलायुक्त चन्द्रमा है। उस चन्द्रमा मण्डल से रात दिन तुषार (अमृत) की धारा

नीचे की तरफ वर्षा रूप से जारी रहती है। चन्द्रमा से अमृत बरसता है। सूर्य हमेशा उसका शोषण करते रहते हैं, उनके संयोग से ही प्राण रहते हैं। वियोग से मृत्यु होती है। प्राण चन्द्रमा-मय और अपान सूर्यमय हैं। शब्दब्रह्म या प्रणव ही भोगरूप से सब भूतों में चैतन्य है।

❀ कुलकुण्डली ❀ सार्द्धत्रितय विन्दु से उत्पन्न होती है। अर्थात् त्रिधा शक्ति ब्रह्मविष्णु-रुद्रादि देवता या प्रणव के अकार, उकार, मकाराक्षर तीन मात्राओं और नाद विन्दु (अर्धमात्रा) से ही हुई है। अतः वह प्रणवाकार शब्दब्रह्म चैतन्य और पराशक्ति है।

❀ कुलकुण्डली की उत्पत्ति ❀ वह प्रणव के अकार, उकार मकार अक्षरों, त्रिविध विन्दु या ब्रह्मा–विष्णु–रुद्र स्वरूप शक्तियों और शिवशक्तिमय नादविन्दु (अर्धमात्रा) से होती है। इस लिये साढ़े तीन विन्दुओं से कुण्डलिनी भुजङ्गी की उत्पत्ति बतायी गई है। इसके समर्थक वचन बंगाल के प्रसिद्ध पं० कुलपति बी० ए० श्री जीवानन्द विद्यासागर द्वारा प्रकाशित प्राणतोषिणी से इसी लेख के पृष्ठ ८३ पर उद्धृत हैं। (नादरूपा महेशानि से कुलकुण्डली तक देखिये)

❀ शब्दब्रह्म कुण्डलिनी से पञ्चाशत् वर्णोत्पत्ति ❀ परानाम शब्दावस्था शब्दब्रह्म (ॐ) ही है। वही चैतन्यरूपा कुण्डलिनी शक्ति है। वही पश्यन्तादि रूप से वेद राशि हो जाती है। अर्थात् वैखरी संज्ञक वाणी श्रोत्र ग्राह्य है, जिसमें मनुष्य भाषण करते हैं। कुण्डलिनी के मध्य में मात्रास्वरूपिणी सूक्ष्म ज्योति बताई गई है। वह अश्रोत्र या श्रवणातीत विषय है। वह ऊर्द्ध-गामिनी होती है। स्वयं प्रकाशा सुषुम्नाश्रिता वाणी पश्यन्ती होती है। वही हृदय में प्राप्त होकर

नादरूपिणी मध्यमा कहाती है। वही उर, कण्ठ, तालु, शिर, घ्राण, उदर स्थित, जिह्वामूलोष्ठ, निश्वास, रूप, वर्ण परिग्राह्या, ज्योति, शब्दप्रपञ्च जननी श्रोत्रग्राह्या वैखरी वाणी में परिणित हो जाती है। उसी से मन, वन्हि, वायु, हंस आदि की उत्पत्ति होती है। वह मन्द मन्द स्वर करती है। जीवों के स्वास २ में जो हंस हंस शब्द होते रहते हैं, वे सगुणशक्ति या ईश्वर के ही शब्द हैं। अर्थात् वे शरीर के मूलाधार में स्थित ब्रह्मस्वरूपिणी कुण्डलिनी के मुख से ही निकलते रहते हैं। उन्हीं को अजपाजप या प्राणधारिणी गायत्री भी कहते हैं। उसके बिना प्राणी न सांस ले सकते हैं, न सब प्राणवाही नाड़ियों (इड़ा, पिङ्गला, सुषुम्नादि) में भ्रमण कर सकते हैं और न जी सकते हैं। वह चैतन्यस्वरूपिणी पराशक्ति श्रीमच्छंकराचार्य के सौन्दर्य लहरी में अनेक आवरणात्मक देवताओं या रश्मियों (lightning-like luminous layers of Kundalini or Chaitanya shakti called by foreigners as Serpent Fire or Power) से आवृत बताई गई है। चैतन्य पराशक्ति स्वरूपा कुण्डलिनी अगोचर है। इनके समर्थक वचन इसी पुस्तक के ८० से ८४ पृष्ठों पर और सौन्दर्य लहरी से उद्धृत किये गये हैं।

❀ कुण्डलिनी के अनेक नामों के उदाहरण ❀ कुमारी, कुण्डलिनी, देवी, भुजङ्गी, शक्ति, ईश्वरी, परमेश्वरी, अरुंधती, ज्ञानशक्तिगृह, ज्ञानस्वरूपिणी, अष्टधाकुण्डलीभूता, कुण्डलिनी नाम पराशक्ति, प्राणाकारा, प्रणवाकार, तैजसी, हिरण्मयी, बिसतन्तुनिभाशुभ्रा, तड़िल्लेखातन्वी, भुजगाकारा, बालरण्डा, तपस्विनी, कुण्डलीपरदेवता, जीवशक्ति, आत्मशक्ति, कूजन्ती, शब्दप्रपञ्च-

जननी, षटचक्रभेदनी, ज्ञानरूपा महोज्ज्वला। सती, गुणत्रय प्रसूतिका, चतुर्दशप्राणवाही नाड़ियों का आश्रय, मन, वन्हि, हंस आदि की उत्पादक। इनसे सम्बन्ध रखने वाले अनेक वचन पूर्व में उद्धृत किये जा चुके हैं।

❀ कुण्डली नाम का कारण ❀ क्योंकि वह सर्प या नागिन की तरह कुण्डलाकार (योगियों द्वारा देखी गई) रूप से सुषुम्ना के अधोमुख पर स्थित स्वयम्भूलिङ्ग पर लिपटी है।

❀ कुण्डली का स्थान ❀ देह मध्य में स्थित सुषुम्नान्तर्गत मूलाधार चतुर्दलपद्म के त्रिकोण में पश्चिमाभिमुखी योनि है। वही उसका स्थान अनेक ग्रन्थों में बताया गया है। वह सर्पाकार कुण्डली सुषुम्ना के मुख में स्थित स्वयम्भूलिङ्ग को दक्षिणावर्ती (दहनी ओर घूमने वाले पेंच की तरह) साढ़े तीन लपेटों से लपेट कर सो रही है। उसका सोना केवल इतना ही है कि वह अपने मुह (फन) को स्वयम्भू लिङ्गछिद्र से हटा कर और सीधा ही करके सुषुम्ना में ऊपर की ओर नहीं प्रवेश कर सकी। जागृत होने पर ही वह ऐसा करती है।

❀ कुण्डलिनी ध्यान ❀

इति सर्वं गुरवे निवेद्य मनसा गुरोराज्ञां गृहीत्वा मूलाधारकर्णिकान्तस्थत्रिकोणान्तर्गताधोमुखस्वयम्भूलिङ्गवेष्टिनीं प्रसुप्तभुजगाकारां सार्द्धत्रिवलयां विद्युत्पुञ्जप्रभां नीवारशूकवत्तन्वीं कुलकुण्डलिनीं निजेष्टदेवतारूपां हूङ्कारेण मनुना हंस इति मनुना वा त्रिकोणमण्डलाग्निना पवन-दहनयोगाच्चैतन्यं विधाय ब्रह्मवर्त्मना सहस्रारं नीत्वा तत्रस्थपरशिवे संयोज्य तयोः सामञ्जस्यं

विभाव्यात्यन्तं श्यामारहस्योक्तम् । तत्प्रमाणं तद्धृतकालिकाश्रुतिर्यथा । मूलाधारे स्मरेन्नित्यं त्रिकोणं तेजसां निधिम् । तस्याग्निरेखामानीय अध ऊर्द्ध व्यवस्थिताम् । नीलतोयदमध्यस्थतड़िल्लेखेव भास्वराम् । नीवारशूकवत्तन्वीं पीतां भास्वदनुपमाम् । नीवारशूकवदिति उड़िधान्यसुङ्गा इति प्रसिद्धिः । तस्याः शिखायां मध्ये च परमोर्द्ध व्यवस्थिताम् । स ब्रह्मा स शिवः सूर्यः शङ्करः परमस्वराट् । स एव विष्णुः स प्राणः स कालाग्निः स चन्द्रमाः । इति कुण्डलिनीं ध्यात्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते ।

(प्राणतोषिणी)

अवाप्य रजनीयामं ब्रह्मध्यानं समाचरेत । ऊरूस्थोत्तान चरणः सव्ये चोरौतथोत्तरम् ।३४। उत्तानं किंचिदुत्तानं मुखमवष्टभ्यचोरसा निमीलिताक्षः सत्त्वस्थो दंतैर्दंतान्नसंस्पृशेत ।। ३५ ।। तालुस्थाचलजिह्वश्च संवृतास्यः सुनिश्चलः । संनिरुद्धेन्द्रियग्रामो नातिनिम्नस्थितासनः ।। ३६ ।। द्विगुणं त्रिगुणं वापि प्राणायाममुपक्रमेत् । ततो ध्येयः स्थितो योऽसौ हृदये दीपवत्प्रभुः ।। ३७ । धारयेतत्रचात्मानं धारणां धारयेद्बुधः । सधूमश्च विधूमश्च सगर्भश्चाप्यगर्भकः ।। ३८ ।। सलक्ष्यश्चाप्यलक्षश्च प्राणायामास्तु षड्विधः ।। प्राणायामसमोयोगः प्राणायाम इतीरितः ।। ३९ ।। प्राणायाम इति प्रोक्तो रेचक पूरक कुम्भकैः । वर्णत्रयात्मकाह्येते रेचकपूरककुम्भकाः ।। ४० ।। स एव प्रणवः प्रोक्तः प्राणायामश्च तन्मयः । इड़या वायुमारोप्य पूरयित्वोदरे स्थितम् ।। ४१ ।। शनैः षोड़शमात्राभिन्ययातं विरेचयेत् । एवं सधूमः प्राणायामः कथितो मुने ।। ४२ ।। आधारे लिङ्गनाभिप्रकटित हृदये तालुमूले ललाटे द्वे पत्रे षोड़शारे द्विदश दश दल द्वादशार्धेचतुष्के । वासांते बालमध्ये डफ कठ

सहिते कंठदेशे स्वराणां हं त्वं तत्त्वार्थयुक्तं सकलदलगतं वर्णरूपं नमामि ॥ ४२ ॥ अरुणकमल-संस्था तद्रजः पुञ्जवर्णा हरनियमितचिन्हा पद्मतन्तुस्वरूपा रविहुतवहराका नायकास्यस्तनाढ्या सकृदपियदिचित्ते संवसेत्स्यात्समुक्तः ॥ ४४ ॥ स्थितिः सैवा गतिर्यात्रा मतिश्चिंता स्तुतिर्वचः । अहं सर्वात्मको देव स्तुतिः सर्वत्वदर्चनम् ॥ ४५ ॥ अहं देवी ना चान्योऽस्मि ब्रह्मैवाहं न शोकभाक् । सच्चिदानन्द रूपो ऽस्त्वात्मानमितिर्चिंतयेत् ॥ ४६ ॥ प्रकाशमानां प्रथमे प्रयाणे प्रति प्रयाणेप्यमृतायमानाम् । अतः पदव्यामनुसंचरंतीमानन्दरूपामबलां प्रपद्ये ॥ ४७ ॥ ततो निज ब्रह्मरन्ध्रे ध्यायेत्तं गुरुमीश्वरम् । उपचारैर्मानसैश्च पूजयेत्तं यथाविधि ॥ ४८ ॥ स्तुवीतानेन मंत्रेण साधको नियतात्मवान् । गुरुर्ब्रह्मा गुरुर्विष्णुर्गुरुर्देवो महेश्वरः गुरुरेव परब्रह्मतस्मैश्रीगुरवेनमः । ४९ ।

(इति श्रीदेवीभागवत् एकादश स्कन्धे प्रातश्चिंतनं नाम प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥)

❀ कुण्डलिनी स्त्रोत्र ❀ ओं नमस्ते देवदेवेशि ! योगीशप्राणबल्लभे ! सिद्धिदे ! वरदे ! मातः ! स्वयम्भूलिङ्गवेष्टिते ॥ १ ॥ ओं प्रसुप्त भुजगाकारे ! सर्वदा कारणप्रिये ! । कामकलान्विते ! देवि ! ममाभीष्टं कुरुष्व च ॥ २ ॥ असारे घोरसंसारे भवरोगात् कुलेश्वरि ! । सर्वदा रक्ष मां देवि ! जन्मसंसारसागरात् ॥ ३ ॥ इति कुण्डलिनी स्त्रोत्रं ध्यात्वा यः प्रपठेत् सुधीः मुच्यते सर्वपापेभ्यो भवसंसाररूपके ॥ (प्राणतोषिणी से योगसार तृतीय पटल)

❀ चौर गणेशमन्त्र का दश द्वारों में न्यास ❀ तत आचारात् स्वेष्टदेवताप्रणाममन्त्रेण कुण्डलिनीं नत्वा दशसु द्वारेषु चौरगणेशमन्त्रं कवाटवन् न्यसेत् तदुक्तं गणेशविमर्षिण्याम् ।

चक्षुर्द्वयं तथा कर्णद्वयं नासापुटद्वयम् । मुखं नाभिं लिङ्गमूलं गुदस्थानं तथैव च । मनोद्वारं भ्रुवोर्मध्ये दशैव द्वारसंज्ञिताः अङ्कुशं प्रथमं वीजं हृदये दशधा जपेत् । प्रजापान्ते ततो मातः ! कवाटं निक्षिपेत्ततः । कर्णयोश्च तथा कूर्चं कालीं नासापुटे ततः । मुखे स्त्रीं द्विविधं वीजं नाभौ वाणीं ततो जपेत् । हसौः वीजं लिङ्गमूले क्लुं मूले परिकीर्त्तितम् । ॐ कारञ्च भ्रुवोर्मध्ये मनःस्थाने तथैव च । एतदेकादशं वीजं प्रतिद्वारे कवाटवत् । (प्राणतोषिणी)

अथप्रयोगः ॥ हृदि क्रोमिति दशधा जपेत् दक्षिणचक्षुषि ह्रीं ह्रीमिति ॥ १० ॥ वामचक्षुषि ह्रीं ह्रीमिति ॥ १० ॥ दक्षकर्णे ह्रीं ह्रीमिति ॥ १० ॥ दक्षिणनासायां हुं हुं इति ॥ १० ॥ वामनासायां हुं हुं इति ॥ १० ॥ मुखे ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीं ह्रीमिति ॥ १० ॥ नाभौ ऐं लीमिति ॥ १० ॥ लिङ्गे हौः इति ॥ १० ॥ गुह्ये क्लुमिति ॥ १० ॥ भ्रूमध्ये हूमिति ॥ १० ॥ सर्वत्र दशधा जपेत् ।

❀ अजपा जप समर्पण विधि ❀ कुलमूलावतारकल्पसूत्रटीकायां तृतीयकाण्डे अस्याजपागायत्रीमन्त्रस्य शिरसि हंस ऋषये नमः ॥ मुखे अव्यक्तगायत्रीच्छन्दसे नमः । हृदि परमहंसदेवतायै नमः । लिङ्गे हं बीजाय नमः । आधारे सः शक्तये नमः । परमात्मप्रीतये उच्छ्वासनिश्वासाभ्यां षट्शताधिकैकविंशतिसहस्रजपेन पूर्वभूतेभ्यो निवेदयामि । मूलाधारमण्डपे स्वर्णवर्णचतुर्दलपद्मे वादिसान्तचतुर्वर्णान्विते गायत्रीसहिताय गणनाथाय षट्शतसंख्यजपमहर्निशं समर्पयामि नमः । स्वाधिष्ठानमण्डपे अनेकविद्युन्निभे वादिलान्तषड्वर्णान्विते षड्दलपद्मे सावित्रीसहिताय ब्रह्मणे अजपामन्त्रषट्सहस्रं निवेदयामि नमः । मणिपूरमण्डपे नीलोत्पलमेघनिभे डादिफान्तदश-

वर्णान्विते दशदलपद्मे लक्ष्मीसहिताय विष्णवे षट्सहस्रजपं समर्पयामि नमः। अनाहतमण्डपे तरुणार्कसन्निभे द्वादशवर्णयुते द्वादशदलपद्मे गौरीसहिताय शिवाय अजपाषट्सहस्रजपं समर्पयामि नमः। विशुद्धमण्डपे षोडशदलकर्णिकामध्ये जीवात्मने अकारादि अःकारान्ते अजपासहस्रसंख्य-जपं निवेदयामि नमः। आज्ञामण्डपे श्री चन्द्रप्रभे द्विदलपद्मे हक्षवर्णान्विते माया सहितगुरुमूर्त्तये एकसहस्रजपं निवेदयामि नमः। ब्रह्मरन्ध्रमण्डपे नानावर्णोज्ज्वले सहस्रशब्दोऽसंख्यपर इति बोध्यम्। उक्तञ्च पद्मं कोटिसमन्वितमिति सहस्रपद्मस्थिताय परमात्मने अकारादिक्षकारान्त-सहिताय एकसहस्रजपं निवेदयामि नमः। इति जपं समर्प्य अष्टोत्तरशतसंख्यमजपाजपं कुर्य्यात्।

(प्राणतोषिणी)

❀ कुण्डलिनी के दृष्ट और अदृष्टांश ❀ कुण्डलिनी के जो अनेक नाम दिये हैं, उनसे स्पष्ट है, कि जो सगुणशक्ति सर्पाकार रूप से सुषुम्ना के मुख में लग्न सूक्ष्म मूलाधार पद्म में स्वयम्भूलिङ्ग पर साढ़े तीन लपेटे लगाकर बिजली और तपाये सोने की तरह चमकती योगियों के ध्यान द्वारा देखी जाती है, वह ज्योतिर्मय ॐकार स्वरूप जीवभूता, पराशक्ति, जीवशक्ति, आत्मशक्ति या शब्दब्रह्म नहीं है, किन्तु आवरणात्मक (परदे की तरह उसे ढांकने वाले) अनेक देवताओं (चमकती रश्मियों) और दीपवत् प्रकाशमान प्राण और अपान संज्ञक पवनों से आवृत विद्युतपुञ्जप्रभायुक्त, मन, वायु, वन्हि, हंस, नाद, या शब्द प्रपञ्चजननी, सत्वरजतमगुणत्रय प्रसूतिका ब्रह्मस्वरूपिणी अष्टधाप्रकृति स्वरूपा कुण्डलिनी सिद्ध योगियों द्वारा देखी जा सकती है।

उसका स्थान आगे बताया जा चुका है। मूलाधार में स्थित प्रकाशमान त्रिकोण में कुण्डलिनी, शशिप्रभा इड़ा (गंगा), सूर्यप्रभा पिंगला (यमुना) और इन्द्र–अर्क–वन्हि प्रभा सुषुम्ना (शब्दगर्भा सरस्वती) नाड़ियों के सन्धि स्थान को भी स्वयम्भूलिङ्गवत लपेटे हुए सुषुम्ना के मुख को बन्द रखती है। सुषुम्ना (ब्रह्मनाड़ी) विवर, मूलाधार से सहस्रार पद्म में ब्रह्मरन्ध्र पर्यन्त, फैला है। घण्टे २ पीछे दहने (सूर्य) और बांये (चन्द्र) नथने से स्वर बदल २ कर उदय होकर चलते रहते हैं। थोड़े पलों के लिये सुषुम्नास्वर या दोनों नथनों के भीतर स्वर चलते मालूम पड़ते हैं। यह सुषुम्नास्वर और सन्धिकाल (जैसे सूर्योदय तथा सूर्यास्त समय) भी कहाता है। इस समय जीव प्राण इन इड़ा पिंगला और सुषुम्ना नाड़ियों के सन्धि स्थानों पर रहता है अर्थात् जीवप्राण और शंभुरूप सुषुम्नार्तगत प्राण एक दूसरे के सन्मुख रहते हैं। अतः प्राणायाम ध्यानादि के लिये यह उत्तम काल है। कुण्डलिनी को भस्त्राख्य प्राणायाम, कुम्भकादि द्वारा अपान वायु चित्त और तप्तलोहशलाका या सूचीवत् विद्युत रेखावत सूक्ष्मकुण्डलिनी का सुषुम्ना विवर में प्रवेश (ध्यान द्वारा ऊपर की ओर चढ़ाना) अधिक सरल है। किन्तु इस कठिन (खतरनाक) कार्य को केवल पुस्तक ज्ञान के आधार पर कभी नहीं करना चाहिये।

❀ षटचक्र के दलों (Petals) या पत्रों के और उन पर स्थित पञ्चाशत वर्णों (letters) के रंग या वर्ण में भेद ❀ योगियों ने इन चक्रदलों और वर्णों के रङ्ग भिन्न २ प्रकार के बताये हैं। आयुर्वेद के आधार पर मैंने पञ्चतत्वों की विकृत छाया (shadow or radiations

in disease) का संकेत किया है। स्वरोदयशास्त्र के ज्ञाता योगियों ने पञ्चतत्वों के पीले, सफेद, लाल, मेघवत् नील, धूम्रवर्ण, सर्व या अव्यक्तवर्ण बताये हैं। इड़ा, पिङ्गला, सुषुम्ना इन तीन नाड़ियों में चन्द्रमा, सूय और अग्नि का प्रकाश रहता है। सरस्वती में शिवशक्ति से उत्पन्न नाद से ही त्रिविध शक्तियां(ब्रह्मविष्णुशिवात्मक)या इच्छाज्ञान क्रियात्मक कार्य-लक्षण बिन्दु उत्पन्न होते हैं। सतोगुण प्रकाशशील रजोगुण क्रियाशील और तमोगुण स्थितिशील है। त्रिविन्दु ज्योतिर्मय होते हैं। इनमें हकार-रूप शिव और सकार-रूप शक्ति या सूर्य तथा चन्द्रमा की प्रभा का योग रहता है। भू, भुव, स्व, महः, जन, तथा तपलोकाख्य षटचक्रों के देवताओं के और पञ्च-तत्वों के वर्णों में भेद होने और सुषुम्ना में सोम सूर्याग्नि प्रभायुक्त प्रधान तीन नाड़ियों के प्रकाश में भी भेद के कारण सुषुम्नाश्रिता त्रिन्दुरूपिणी अश्रोत्रविषया पञ्चाशतवर्णरूप वाग्देवी स्वयं प्रकाशमान या पश्यन्ती कहाती है। वही सुषुम्नाकंद में व्यक्त होकर भिन्न २ चक्रों में ज्योतिर्मय कार्यलक्षण पञ्चाशत वर्ण रूप विन्दु ही दल रूप से प्रगट होते हैं। प्रत्येक वर्ण रूप देवी सार्द्धत्रिविधविन्दु या शक्तिमय प्रणवाकार कुण्डलिनी ही वर्ण या दल रूप से प्रकाशित होती है। योगियो को दल रूप से दिखाई देती है। त्रिबज्र ॐकार जब भ्रुवोर्मुखी होता है वत जहां व्यञ्जनात्मक मकार स्वर निःशब्द होता है, वहीं स्थान अर्धविन्दुस्वररूपिणी शक्ति का होता है। व्यञ्जनात्मक पश्यन्तीसंज्ञक वाक् कुण्डलिनी के मध्य में ज्योतिर्मात्रा रूप से प्राप्त हो, ऊर्द्धगामी होकर हृदय में संकल्पमात्रा वाणी मध्यमा है। कंठ में स्वर शक्ति युक्त वाणी वैखरी कहाती है।

उर्दू भाषा के जानने वाले सन्तों द्वारा चक्रों का वर्णन—

आकाशादि पांच भूतों से बने शरीर को क़िला और पांच भूतों को पांच शहरपनाह बताया है। नाड़ियों को कोठलियां माना है। शरीर के चक्रों के नाम महल रक्खे हैं। सातवें महल पर बादशाहों के बादशाह (ज्योतिस्वरूप परब्रह्म) निवास करता है। गढ़ के उस मकान पर जिसमें महाराज स्वयं बैठता है एक झण्डी लगा दी जाती है। उसी प्रकार इस शरीर रूपी गढ़ में जहां ब्रह्म गुप्तरूप से निवास करता है शिखा रूपी झण्डी लगा दी गई है। अर्थात् शिखा ब्रह्म-रन्ध्र के स्थान को बताती है। इसी कारण सनातन धर्म के आचार्यों ने शिखा रखवा कर गायत्री मन्त्र से संध्या के समय शिखा बन्धन या स्पर्श की प्रणाली निकाली है, जिससे चित्तवृत्ति या ध्यान ब्रह्मरन्ध्र के समीप ब्रह्म की तरफ लगा रहे।

सातमहल (मन्जिले) = सातों पद्म–१. पहले महल के चार द्वार हैं अर्थात् चतुर्दलपद्म (आधारचक्र), २. दूसरे के ६ द्वार हैं ··· षटदल पद्म (मणिपूरक चक्र) ३. तीसरे के दश द्वार हैं ··· दशदलपद्म (स्वाधिष्ठान चक्र), ४. चौथे के द्वादश द्वार ··· द्वादशदल पद्म (अनाहत चक्र) ५. पांचवें षोड़श द्वार हैं। षोड़शदलपद्म(विशुद्धाख्य चक्र)६. छठवें में दो छोटी२ खिड़कियां ··· द्विदलपद्म (आज्ञाचक्र) खिड़कियों की सन्धि स्थान (त्रिकुटीमहल) पर एक इतराख्यलिङ्ग है ७. सातवें महल के हजार द्वार (सहस्रदल पद्म) हैं। (श्रीस्वामी हंसस्वरूप)

प्राणायाम—

इस लेख के प्रारम्भ में बताया गया है, कि षटचक्रों का घनिष्ट सम्बन्ध योगाभ्यास से है। प्राणायाम योग का मुख्य अङ्ग है। युक्त प्राणायाम से अनेक प्रकार के रोग नष्ट हो जाते हैं। अयुक्त प्राणायाम से अनेक प्रकार के रोग उत्पन्न हो सकते हैं।

प्राणायाम के अभ्यास करनेवालों को शास्त्र में दिये यम नियमादि का पालन, योगवृद्धिकर आहार विहार आदि का सेवन और योगविघ्नकर विषयों के त्याग भी आवश्यक बताये गये हैं।

यम नियमादि—

यम—अहिंसा (सर्वथा, सर्वदा, सब भूतों पर दया या उनको दुःख न देना)। अस्तेय (अशास्त्र पूर्वक दूसरों के द्रव्यों को स्वीकार करने या चोरी का निषेध)। ब्रह्मचर्य (वीर्य्यरक्षा—अष्टविध ब्रह्मचर्य का पालन)। अपरिग्रह (विषयों का अस्वीकरण)। सत्य (सर्वभूत हित सत्य बोलना)।

नियम—शौचं (शरीर और मन के मैलों का प्रक्षालन। साबुन मृत्तिका आदि से शरीर तथा वस्त्रादि की सफाई। मन की शुद्धि रागद्वेषादि के त्याग से, सात्विक व्यवहार से)। संतोष—(प्राणयात्रा के लिये आवश्यकतोचित् शास्त्रानुसार धनोपार्जन केपश्चात् अधिक की इच्छा न करना, न अनुचित यत्न करना)। तप (द्वन्द्वों—यथा शीत उष्ण का सहन, भूख

प्यास का सहना, कठिन व्रतादि का करना)। स्वाध्याय (मोक्षशास्त्रों का अध्यन, प्रणव या ॐ कार तथा अपने इष्टदेव का नाम जप स्मरण आदि)। ईश्वर प्रणिधान (स्वाध्याय और जप आदि को अपने परम गुरू ईश्वर को समर्पण करना)। देव द्विज गुरु प्राज्ञ का पूजन, शौच आर्जव, ब्रह्मचर्य्य, अहिंसा आदि शारीर तप कहाते हैं। दश यमनियमादि :—

यथा–"अहिंसा सत्यमस्तेयं ब्रह्मचर्यं दयार्जवम्। क्षमा धृतिर्मिताहारः शौचं चैव यमा दश॥"

"तपः संतोषमास्तिक्यं दानमीश्वरपूजनम्। सिद्धान्तश्रवणं चैव ह्रीर्मतिश्च जपोव्रतम्॥"

योगाभ्यास में युक्त और अयुक्त आहार विहारादि—

योगवृद्धिकर आहार विहारादि, यथा—क्षीर, घृत, मक्खन, दूध की मलाई, नवनीत मिष्ठान्न, मिताहार, गोधूम (गेहूं), चावल, जौ, सोंठ का प्रयोग, दिव्य शुद्ध जल (जैसे गंगाजल) यम नियमादि का पालन।

योग विघ्नकर या त्याज्य आहारादि. यथा—कटु, तिक्त, अम्ल, लवण, उष्ण, रूक्ष, वासी गरम किया अन्न, लशुन. हींग, मांस, दही, तेल, सौवीर (खट्टा माड़) अग्निसेवन, स्त्रीसङ्ग; अतिआहार, प्रवास, लौल्य, प्रजल्प (बकबास), धूर्तगोष्ठी, जनसङ्ग। योगकुण्डल्युपनिषत् में बताये अन्य विघ्न–दिन में सोना, रात में जागना, अति मैथुन, मूत्र पुरीष का रोकना, विषम-अशन, आलस्य, संशय, निद्रा, विरति, भ्रान्ति आदि।

प्राणायाम से लाभ—

प्राण के प्रच्छर्दन (वमन या रेचन) से और विधारणा (स्तम्भन) से चित्त एकाग्र होता है।

इसके नित्य अभ्यास से इन्द्रियकृत दोषों का नाश और प्राणवाही नाड़ियों तथा रक्त का शोधन। यह शरीर धातुओं का साम्यकर (Preserves equilibrium of living matter of cells), नेत्रों की ज्योति को बनाये रखता है और जठराग्नि को बढ़ाता है। शरीर को हलका रखता है। इससे प्राण वायु और चित्त वश में हो जाते हैं। शनैः २ चित्त संयम (धारणा ध्यान समाधि की एकतानता) शक्ति उत्पन्न होती है। पातञ्जल योगदर्शन में कठिन विषयों का चित्त-संयम से साक्षात्कार—यथा नाभिचक्र में संयम से कायव्यूह का ज्ञान, सूर्यचक्र में संयम से भुवन ज्ञान चन्द्रमा के संयम से ताराव्यूह या रचना ज्ञान, योगी द्वारा नाद में मन लय करने से दूरश्रवणशक्ति, विन्दु में मन को लय करने से दूरदृष्टि, पृथिवी में चित्त धारणा से पातालगमन शक्ति, सलिल (जल) में चित्त धारणा से जल से भय नहीं रहता, अग्नि में धारणा से अग्नि से योगी जल नही सक्ता। वायु में मन के लय से आकाशगमन शक्ति। इसी तरह विष्णु या रुद्ररूप आत्मा की भावना से पालन संहार शक्तिवाला होता है। (योगशिखोपनिषत्)

प्राणायाम और प्राणायाम के भेद—

नाक के नथने के भीतर प्रवेश करनेवाली सांस को श्वास और बाहर निकलनेवाली सांस को प्रश्वास कहते हैं। इन दोनों के गति विच्छेद या अभाव को पातञ्जल योगदर्शन में प्राणायाम कहा है। श्वास और प्रश्वास प्राणायाम के पूरक और रेचक भेद कहाते हैं। पूरक और रेचक प्राणायाम के अभाव को कुम्भक कहते हैं। पूरक और रेचक सहित प्राणायाम सहित कुम्भक है। इन दोनों को त्याग कर सुख मे वायु धारण ही केवल कुम्भक है। पूरक कुम्भक रेचक

त्रिविध प्राणायाम हैं। केवल कुम्भक चतुर्थ या चौथा प्राणायाम कहाता है।

रेचक प्राणायाम प्राण की वाह्यवृत्ति, पूरक प्राणायाम अभ्यन्तर वृत्ति कुम्भक प्राणायाम स्तम्भ वृत्ति कहाती हैं। प्राण के आयाम या नाप (लम्बान) का अनुमान उसकी बाहरी और भीतरी गति के विच्छेद (अभाव) से हो सक्ता है।

कालसंज्ञक मात्रा शब्द से निमेषोन्मेष (आंख के पलक खोलने तथा बंद करने) के काल या लघु अक्षर के उच्चारण काल को समझा जाता है। अभ्यास से प्राणायाम दीर्घ और सूक्ष्म भी होते हैं। प्राण की प्राकृत वाह्यगति १२ अङ्गुल बताई गई है। अनेक कारणों से ६४ अंगुल तक हो जाती है। स्वर योगियों में अभ्यास से प्राण अनङ्गुल या नासाभ्यन्तरचारी भी हो जाते हैं। प्राणायाम, देश या लक्ष्य के अनुसार दीर्घ और सूक्ष्म कहाता है। जैसे नासिका के अग्र भाग पर ध्यान या प्राणसंयम में सूक्ष्म और मूलाधार चक्र में स्थित कुण्डली उत्थापनार्थ प्राणायाम दीर्घ होता है।

मात्राओं को लक्ष्य में रखते हुये-प्राणायाम अभ्यास काल में १६ मात्रा का पूरक, ६४ मात्रा का कुम्भक और ३२ मात्रा का रेचक होता है।

"केवल कुम्भक" सिद्धयोगी को संसार में कुछ भी दुर्लभ नहीं रहता। राजकुमार तपस्वी ध्रुव की कथा विष्णु पुराण में आती है। उनका 'केवल कुंभक' सिद्ध था। उनके प्राण के निरोध से जगत के सब प्राणियों के प्राण रुक गये थे। हरिद्वार ऐसे स्थानों में समाधि का प्रदर्शन करनेवाले योगाभ्यासी प्राण पर पूर्ण विजय नहीं प्राप्त कर सके हैं। वे अपने व्यष्टयात्मक

जीवसंज्ञक प्राण का थोड़े काल तक अवरोध करने में अवश्य समर्थ होते हैं।

पुराणों में प्राणायाम के अन्य भेद हैं–यथा सधूम विधूम, सगर्भ (जपध्यान युत) अगर्भ (जपादि रहित), सलक्ष्य और अलक्ष्य प्राणायाम।

परिणामानुसार प्राणायाम के भेद––स्वेदजनक प्राणायाम अधम, शरीर में कंपन पैदा करनेवाला प्राणायाम मध्यम और साधक को भूमि से ऊंचा कर आकाश में स्थिर रखनेवाला प्राणायाम उत्तम कहाता है। ऐसे योगी में भूमित्याग सिद्धि तथा आकाशगमन शक्ति प्राप्त होती है।

प्राणायाम और प्रणव का सम्बन्ध––

उपनिषदों में प्राणायाम को वर्णात्मक और प्रणव भी बताया है। प्रणव शब्दब्रह्म और ईश्वर का वाचक या नाम है। ब्रह्मा विष्णु शिव ब्रह्म की तीन प्रधान शक्तियां हैं। सब जीव सर्वदा अजपा जप अर्थात् "हंस हंस" यह जप करते रहते हैं। यह मूलाधारपद्मास्थित शिवशक्तिमय मन्त्र है। यह ॐकार (प्रणव) ही का जप है।

पूरक को अकार मूर्ति ब्रह्मा, कुम्भक को उकार मूर्ति विष्णु और रेचक को मकार मूर्ति रुद्र कहते हैं। उसकी तीन शक्तियां ही सृष्टि पालन और संहार करती हैं। प्रणव के प्रथमांश अकार से पृथिवी अग्नि ऋग्वेद भूलोक और राजसात्मक रक्तवर्ण ब्रह्मा की उत्पत्ति है। उसके द्वितीयांश उकार से अन्तरिक्ष, यजुर्वेद, वायु, भुवर्लोक, और सात्विक शुक्लवर्ण विष्णु भगवान की उत्पत्ति है। उसके तृतीयांश मकार से द्यौ सूर्य सामवेद स्वर्लोक तामसात्मक कृष्णवर्ण रुद्र की उत्पत्ति हुई है।

ब्रह्मविष्णुरुद्रादि के अकार उकार मकार (प्रथम द्वितीय तृतीय) प्रणवांशों में लय होने पर परं ज्योति ॐ ही रहती है।

प्राणायाम विधि--

प्राणायाम में गायत्री जपनेवाले पूरक में अकार मूर्ति हंसवाहिनी गायत्री, कुम्भक में उकार मूर्ति गरुड़वाहिनी सावित्री और मकार मूर्ति वृषभवाहिनी सरस्वती का ध्यान करते हैं।

इड़ा (या बांये नथने) से बाहरी वायु का पान या पूरक करते हुये षोड़श (१६) मात्रा अकार मूर्ति राजसात्मक ब्रह्म का चिन्तन करै। भीतर भरी वायु को रोकते हुये चतुःषष्टि (६४) मात्रा उकार मूर्ति सात्विक विष्णु का ध्यान करै और शनैः २ रेचक करते हुये तामसात्मक मकार मूर्ति रुद्र का ३२ मात्रा ध्यान करै। इस क्रम से प्राणायाम बार २ करै। इसके द्वारा यमनियम-पालनशील बद्धपद्मासन दृढ़योगी सुषुम्ना में स्थित मल के शोषणार्थ वायु को चन्द्रनाड़ी से पान कर यथाशक्ति कुम्भक करै और सूर्यनाड़ी (दहने नथने) से शनैः २ रेचन करै। इसके पश्चात् सूर्यनाड़ी (दहने नथने) से पूरक करै, और यथाशक्ति कुम्भक के पीछे चन्द्रनाड़ी (बांये नथने) से रेचन करै। इसी तरह बदल २ कर बार २ प्राणायाम अभ्यास करै। एक नथने को दबाकर सांस पूरी तरह भीतर खींचे और रोककर दूसरे से धीरे २ सांस निकालने के समय अंगूठे को हटाकर दूसरे नथने को दबा रखे।

उत्साही योगाभ्यासी इस तरह अस्सी (८०) बार प्राणायाम एक काल में करते हैं। और प्रातः, मध्यान्ह, सायं और अर्ध रात्र में अर्थात् दिन रात में चार बार करते हैं।

१३५

कुण्डलिनी बोधन या कुण्डलिनी का जगाना—

कुण्डलिनी को जगाने का आशय यह है कि उसको योगशास्त्र विधि से स्वयम्भू लिङ्ग से हटाकर सुषुम्ना (ब्रह्म नाड़ी) में प्रवेश कराना और चक्रों का भेदन है।

इसकी विधियां अनेक हैं। किन्तु योगाभ्यास काल में मन को प्राणवायु सहित कुण्डलिनी ही में लगा रखना चाहिये। इन विधियों के कुछ प्रसिद्ध उदाहरण नीचे दिये जाते हैं। यथा—केवल-कुम्भक, भस्त्राख्य प्राणायाम या कपालभाति। कुण्डलिनी को जगाने और षटचक्रों को भेदन के लिये प्राणायाम के साथ २ किसी आसन यथा स्वस्तिक, पद्म, सिद्ध, वज्रासनादि और बन्धत्रयों का प्रयोग भी बताया गया है।

ये बातें अनुभवी गुरुओं से सीखने की हैं। कुण्डलिनी को जगाने की युक्तियां (शास्त्रों से) यथा—"केवल कुंभकात कुण्डलिनी बोधो जायते।" (शाण्डिल्योपनिषत्)

"अकारे रेचितं पद्ममुकारेणैव भिद्यते॥ १३८॥ मकारे लभते नादमर्धमात्रा तु निश्चला ... ॥१३९॥ (योगतत्त्वोपनिषत्)। "वज्रासनस्थो योगी चालयित्वा तु कुण्डलीम् ॥११२॥ कुर्यादनन्तरं भस्त्रीं कुण्डलीमाशु बोधयेत्। भिद्यन्ते ग्रन्थयो वंशे तप्तलोह शलाकया" ।३६८। योगशिखोपनिषत्

प्राणः प्रयत्नेनैव ... ॥ ५५॥ ब्रह्मरन्ध्रे सुषुम्णायां मृणालान्तरतन्तुवत्। नादोत्पत्ति-स्त्वनेनैव शुद्धस्फटिकसन्निभः॥ ५६॥ आमूर्द्ध वर्त्तते नादो वीणादण्डवदुत्थितः। ... ॥ ५७॥ व्योमरन्ध्रगते वायौ गिरिप्रस्रवणं यथा। तथा रन्ध्रगते वायौ चित्ते चात्मनि संस्थिते ॥५८॥

कुण्डली याति वह्निस्तु दहत्यत्र न संशयः। सन्तप्तो वह्निना तत्र वायुनातिप्रसारितः॥७१॥

प्रसार्य फणिवद्भोगं प्रबोधं याति तत्तदा। प्रबुद्धे संसरत्यस्मिन्नाभिमूले तु चक्रिणा ॥७२॥
ब्रह्मरन्ध्रे सुषुम्णायां प्रयाति प्राणसंज्ञकः। संप्रके मारुते तस्मिन्सुषुम्णायां वरानने ॥७३॥
(योगयाज्ञवल्क्य संहितायां षष्ठोऽध्यायः)

स्तनयोरथ भस्त्रेव लोहकारस्य वेगतः ॥ ६६ ॥ रेचयेत्पूरयेद्वायुमाश्रमं देहगं धिया। यथा श्रमोभवेद्देहे तथा सूर्येण पूरयेत ॥ ६७ ॥ कण्ठसंकोचनं कृत्वा पुनश्चन्द्रेण रेचयेत। वातपित्तश्लेष्महरं शरीराग्नि विवर्धनम् ॥ ६८ ॥ कुण्डली बोधकं बक्रदोषघ्नं शुभदं सुखम्। ब्रह्मनाडी मुखान्तःस्थकफ्ाद्यर्गलनाशनम् ॥६६॥ सम्यग्बन्धसमुद्भूतं ग्रन्थित्रय विभेदकम्। विशेषेणैव कर्तव्यं भस्त्राख्यं कुम्भकंत्विदम् ॥

"महज्जपो यस्य सिद्धः सेवयेत्तं गुरुं सदा ॥ ८० ॥ ... ... अष्टधा कुण्डलीभूतामृज्वीं कुर्यात्तु कुण्डलीम् ॥ ८२ ॥ पायोराकुञ्चनं कुर्यात्कुंडलीं चालयेत्तदा। ... वज्रासनगतो नित्यमूर्ध्वाकुञ्चनमभ्यसेत् ॥ ८४ ॥ वायुना ज्वलितोवन्हिः कुण्डलीमनिशं दहेत्। संतप्ता साग्निना जीवशक्तिस्त्रैलोक्य मोहिनी ॥ ८५ ॥ प्रविशेच्चन्द्रतुन्डे तु सुषुम्नावदनान्तरे। वायुना वन्हिना सार्धं ब्रह्मग्रन्थिं भिनत्ति सा ॥८६॥ विष्णुग्रन्थिं ततो भित्वा रुद्रग्रन्थौ च तिष्ठति ॥ (योगशिखोपनिषत्)

हंस हंसेति सदा ... देहेषु व्याप्य वर्तते ...। गुदमवष्टभ्याधाराद्वायुमुत्थाप्य स्वाधिष्ठानं त्रिः प्रदक्षिणीकृत्य मणिपूरकं च गत्वा अनाहतमतिक्रम्य विशुद्धौ प्राणान्निरुध्याज्ञामनुध्यायन्ब्रह्मरन्ध्रं ध्यायन् त्रिमात्रोऽहमित्येवं सर्वदा ध्यायन्। अथो नादमाधाराद्ब्रह्मरन्ध्रपर्यन्तं शुद्धस्फटिक संकाशं स वै ब्रह्म परमात्मेत्युच्यते ॥१॥ (हंसोपनिषत्) [इसी पुस्तक के पृष्ठ १०४ से १०६ तक देखिये]

पञ्चभूतों तथा देवों की धारणा और उनका फल—(षटचक्रों का चित्र देखिये)

चित्र में पञ्चतत्वों के स्थान, देवता, तत्त्वबीज आदि दिये गये हैं। सुषुम्नान्तर्गत षटचक्र अत्यन्त सूक्ष्म होते हैं। वे योगगम्य हैं। इनमें स्थित तत्त्वादि की धारणा भी योगियों द्वारा कुम्भक प्राणायाम में की जाती है। सगुण और निर्गुण उपासक दोनों ही अपने इष्टदेवों की मानसिक पूजा आदि कुम्भक में प्राण संयम द्वारा करते हैं। सुषुम्ना या ब्रह्मनाड़ी अत्यन्त सूक्ष्म है। उसको कमलदण्ड के भीतरी तन्तु (सूत या रेशे) की तरह पतला बताया गया है। उसके भीतर जो रन्ध्र है उसी में शब्दगर्भा बिन्दु स्वरूपिणी सरस्वती का प्रवाह भ्रूमध्य स्थित पूर्णचन्द्र-निभ नादरूप मन के मण्डल से होता रहता है। मूलाधारचक्र नाद का आधार है। इन चक्रों में स्थित तत्त्वादि का सम्बन्ध प्राणवाही नाड़ियों द्वारा स्थूल शरीर के भू, जल, अग्निमण्डल आदि से स्थापित होता है। इड़ा नाड़ी से शरीर की प्राणवाही नाड़ियों को पूरित कर कुम्भक द्वारा वायु को चक्र २ में रोक कर पञ्चभूतों तथा देवताओं का मानसिक ध्यान किया जाता है। इन पर जय प्राप्त करने से ही उन तत्वों द्वारा योगी की मृत्यु का भय नहीं रहता। और आप्त वचनों में बताई सिद्धियां भी संभव होती हैं।

उपरोक्त कथन के समर्थक वचन—(योगतत्वोपनिषत् से)

यस्य चित्तं स्वपवनं सुषुम्नां प्रविशेदिह। भूमिरापोऽनलो वायुराकाशश्चेति पञ्चकः ॥८३॥ येषु पञ्चसुदेवानां धारणा पञ्चधोच्यते। पादादिजानुपर्यन्तं पृथिवी स्थानमुच्यते ॥८४॥ पृथिवी चतुरस्रं च पीतवर्णं लवर्णकम्। पार्थिवे वायुमारोप्य लकारेण समन्वितम् ॥८५॥ ध्यायंश्चतुर्भुजा-

कारं चतुर्वक्त्रं हिरण्मयम्। धारयेत्पञ्च घटिकाः पृथिवीजयमाप्नुयात् ॥८६॥ पृथिवीयोगतो मृत्युर्नभवेदस्य योगिनः। आजानोः पायुपर्यन्तमपां स्थानं प्रकीर्तितम् ॥८७॥ आपोऽर्धचन्द्रं शुक्लं च वं बीजं परिकीर्तितम्। वारुणे वायुमारोप्य वकारेण समन्वितं ॥८८॥ स्मरेन्नारायणं देवं चतुर्बाहुं किरीटिनं। शुद्धस्फटिक-संकाशं पीतवाससमुच्युतम् ॥ ८९ ॥ धारयेत्पञ्च घटिकाः सर्वपापैः प्रमुच्यते। ततो जलाद्भयं नास्ति जले मृत्युर्न विद्यते ॥९०॥ आपायोर्हृदयान्तंच वन्हिस्थानं प्रकीर्तितम्। वन्हिस्त्रिकोणं रक्तं च रेफाक्षरसमुद्भवम् ॥९१॥ वन्हौ चानिलमारोप्य रेफाक्षर समुज्ज्वलम्। त्रियक्षं वरदं रुद्रं तरुणादित्यसंनिभम् ॥९२॥ भस्मोद्धूलित सर्वाङ्गं सुप्रसन्नमनुस्मरन्। धारयेत्पञ्चघटिका वन्हिनासौ न दाह्यते ॥९३॥ न दह्यते शरीरंच प्रविष्टस्याग्नि मण्डले। आहृदया-द्भ्रुवोर्मध्यं वायुस्थानं प्रकीर्तितम् ॥९४॥ वायुः षट्कोणकं कृष्णं यकाराक्षरभासुरम्। मारुतं मरुतां स्थाने यकाराक्षरभासुरम् ॥९५॥ धारयेत्तत्र सर्वज्ञमीश्वरं विश्वतोमुखम्। धारयेत्पञ्चघटिका वायुवत् व्योमगो भवेत् ॥९६॥ मरणं न तु वायोश्च भयं भवति योगिनः। आभ्रूमध्यात्तु मूर्धान्त-माकाशस्थानमुच्यते ॥९७॥ व्योम वृत्तं च धूम्रंच हकाक्षरभासुरम्। आकाशे वायुमारोप्य हकारो-परिशंकरम् ॥९८॥ विन्दुरूपं महादेवं व्योमाकारं सदाशिवम्। शुद्धस्फटिक संकाशं धृतबालेन्दुमौ-लिनम् ।९९। पञ्चवक्त्र युतं सौम्यं दशबाहुं त्रिलोचनम्। सर्वायुधैर्धृताकारं सर्वभूषण भूषितम्।१००।

शक्तिचालन (कुण्डली चालन)—

उपनिषदों और योग तथा पुराण, तन्त्र और सन्तों के ग्रन्थों में बताई युक्तियों के अनुसन्धान से जो थोड़ा बोध मुझे हुआ है, उसे पाठकों के सामने प्रकाशित करता हूं।

इनके अतिरिक्त, पुस्तकों के आधार पर ही बिना गुरूपदेश के योगाभ्यास करने वाले थोड़े साधकों की शारीरिक और मानसिक बीमारियों के देखने का भी अवसर मुझे मिला है। इन्हें देखकर मैं इसी निर्णय पर पहुंचा हूं कि कुण्डली जगाने का अभ्यास किसी योगी गुरु से ही सीखना चाहिये।

कुण्डलिनी ही शक्ति है। उसका अपने स्थान से भ्रूमध्य में पहुंचाना ही शक्ति-चालन कहाता है। मुख्य साधन, दो हैं। सरस्वतीचालन और प्राणरोध (कुम्भक)। से कुण्डलिनी ऋज्वी होती है। अर्थात छेड़ने (ताड़ित होने) पर सर्पवत् सीधी होकर अपने शरीर को पसारती या फैलाती है।

शक्तिचालन का अभ्यास एकान्त में करना चाहिये। बारह अंगुल लम्बे चार अंगुल चौड़े नरम या सफेद वस्त्र को आगे करधनी में लगा कर नाभि और इन्द्री को ढक कर, वज्रासन या सिद्धासन पर बैठकर, नासिका से प्राण को खींचकर अपान वायु से बलपूर्वक मिलाना चाहिये। साथ ही साथ मूलबन्ध या अश्विनी मुद्रा द्वारा गुदा का आकुञ्चन करना चाहिये। इससे हठात् वायु सुषुम्ना में प्रवेश करती है। जब वायु ब्रह्मनाड़ी में प्रवेश कर जाती है तब नाद आरम्भ हो जाता है। जैसा श्रीभगवान आदि शंकराचार्य ने अपने योगतारावली में बताया है। यथा—

ब्रह्मरन्ध्र गते वायौ गिरः प्रश्रवणं भवेत्। शृणोति श्रवणातीतं नादं मुक्तिर्नसंशयः॥

योग कुण्डलिनी उपनिषत् में कुण्डली चालनार्थ इस सरस्वती चालन अभ्यास में बद्ध पद्मासन या वज्रासन पर बैठकर बन्धत्रय समन्वित् इड़ा नाड़ी से शनैः २ पूरक और सूर्यनाड़ी से

रेचन का वार २ दो मुहूर्त पर्यन्त करने से सुषुम्ना में अपान वायु सहित कुण्डलिनी किञ्चित् ऊपर खींची जाती है।

शक्तिचालन के पश्चात् कुण्डलिनी को बलपूर्वक जल्दी से जगाने और षटचक्र तथा ग्रन्थित्रय भेदन कर सुषुम्ना में मूलाधार त्रिकोण से भ्रूमध्य तक पहुंचाने के लिये वन्धत्रय समन्वित भस्त्राख्य कुम्भक का अभ्यास नित्य करना चाहिये। ऐसे अभ्यास काल में शुद्ध चित्त से शिव प्रीत्यर्थ यमनियमादि का पूर्णतया पालन करने वाले अभ्यासी को होसके तो दूध और शुद्ध घृत, माखन आदि का ही सेवन करना चाहिये। आरम्भ में प्राणायाम विधि से नाड़ीशोधन के पश्चात् ही भस्त्राख्य अर्थात् वेग से लोहार की धौंकनी की तरह, मुख बन्द करके इड़ा (वांये) और कभी पिंगला (वांये नथने) से-एक से थकने और पसीना निकलने पर दूसरे से-पूरक और रेचक जल्दी २ और वार २ किये जाते हैं।

मूलवन्ध से अधोगतिशील अपान वायु नीचे की ओर बढ़ने से रोकी जाती है। सन्त चरणदास जी ने मूलबन्ध के लिये बज्रासन या एड़ी को गुदा के नीचे रखने के स्थान में एक कपड़े की गेंद को कसकर गुदामध्य में अभ्यास काल में बांधना बताया है। उड्डीयान बन्ध से वायु, ब्रह्म नाड़ी में उड़कर प्रवेश करती है। जालन्धर बन्ध से अर्थात् कण्ठ का संकोचन कर सिर को झुका कर ठोढ़ी को छाती पर लगाने से कुम्भक काल में छाती की वायु ऊपर की ओर दौड़ती है और ऊपर की तरफ हठ पूर्वक चलाई हुई अपान वायु प्राण की ओर आकर्षित होती है और चन्द्रमण्डल से वर्षता हुआ अमृत अग्नि के मुख में नहीं गिरने पाता।

❀ उपरोक्त शक्तिचालनादि के वर्णन के समर्थक थोड़े अन्य आप्त प्रमाण— ❀

मरुज्जयो यस्य सिद्धः सेवयेत्तं गुरुं सदा । गुरुवक्त्र प्रसादेन कुर्यात्प्राणजयं बुधः ।।८०।। वितस्ति प्रमितं दैर्घ्यं चतुरङ्गुलविस्तृत । मृदुलं धवलं प्रोक्तं वेष्टनाम्बरलक्षणम् ।।८१।। निरुध्य मारुतं गाढं शक्तिचालन युक्तितः । (योगशिखोपनिषत्)

❀ शक्तिचालन मुद्रा (घेरण्ड संहिता)— ❀

मूलाधारे आत्मशक्तिः कुण्डली परदेवता । ... नाभिं संवेष्ट्य वस्त्रेण न च नग्नो वहिः स्थितः । गोपनीये गृहे स्थित्वा शक्ति चालनमभ्यसेत् ।।४७।। वितस्ति प्रमितं दीर्घं विस्तारे चतुरङ्गुलम् । मृदुलं धवल सूक्ष्मं वेष्टनाम्बर लक्षणम् ।। एवमम्वर युक्तं च कटि सूत्रेण योजयेत ।। ४८।। भस्मना गात्रसंलिप्तं सिद्धासन समाचरेत । नासाभ्यां प्राणमाकृष्य अपाने योजयेद्बलात् ।।४६।। तावदाकुंचयेद्गुह्यं शनैरश्विनि मुद्रया । यावद्गच्छेत्सुषुम्नायां प्रवेशयेतद्धठात् ।।५०।।

(इन्हें इसी पुस्तक के पृष्ठ १०७ के योगचूड़ामण्युपनिषत् के ३६ वें श्लोक के बाद पढ़िये)

कृत्वा संपुटितौ करौ दृढ़तरं बध्वा तु पद्मासनं गाढं वक्षसि संनिधाय चुबुकं ध्यानं च तच्चेष्टितम् । वारंवारमपानमूर्ध्वमलिनं प्रोच्चारयेत्पूरितं मुञ्चनप्राणमुपैति बोधमतुलं शक्तिप्रभान्नरः ।। ४०।। योगचूड़ामण्युपनिषत् ।।

निम्न बचनों को इसी लेख के पृष्ठ १०८ पर योगकुण्डल्युपनिषत् के श्लोकों के साथ पढ़िये ।

❀ शक्ति और शक्तिचालन (योगकुण्डल्योपनिषत्) ❀

कुण्डल्येव भवेच्छक्तिस्तां तु संचालयेद् बुध । स्वस्थानादाभ्रुवोर्मध्यं शक्ति-चालनमुच्यते ।७।

तत्साधने द्वयं मुख्यं सरस्वत्यास्तु चालनम् प्राणरोधमथाभ्यासादृज्वी कुण्डलिनी भवेत् ॥ ८ ॥

तयोरादौ सरस्वत्याश्चालनं कथयामि ते । ९ । यस्याः संचालनेनैव स्वयं चलति कुण्डली । इड़ायां वहति प्राणे बद्ध्वा पद्मासनं दृढम् ॥ १० ॥ ... स्वशक्तया चालयेद्वामे दक्षिणेन पुनः पुनः ॥१२॥ मुहूर्तद्वयपर्यन्तं निर्भयाच्चालयेत्सुधीः । ऊर्ध्वमाकर्षयेत्किंचित्सुषुम्नां कुण्डलीगताम् ।१३। तेन कुण्डलिनी तस्याः सुषुम्नायां मुखं व्रजेत् । जहाति तस्मात्प्राणोऽयं सुषुम्नां व्रजति स्वतः । ॥१४॥ ... यथालगति कण्ठात्तु कपाले सस्वनं ततः । वेगेन पूरयेत् किंचिद्धृत्पद्मावधि मारुतम् ॥३३॥ पुनर्विरेचयेत्तद्वत्पूरयेच्च पुनः पुनः । यथैव लोहकाराणां भस्त्रा वेगेन चाल्यते ॥ ३४ ॥ तथैव स्वशरीरस्थं चालयेत्पवनं ... यथोदरं भवेत्पूर्णं पवनेन तथा लघु । धारयन्नासिकामध्यं तर्जनीभ्यां बिना दृढम् ।३६। कुम्भकं पूर्ववत्कृत्वा रेचयेदिड़यानिलम् । कण्ठोत्थितानलहरं शरीराग्निविवर्धनम् ॥३७॥ कुण्डली बोधकं... ब्रह्मनाड़ीमुखान्तस्थकफाद्यर्गलनाशनम् ।३८॥ ... ग्रन्थित्रय विभेदकम् । विशेषेणैव कर्तव्यं भस्त्राख्यं कुम्भकं त्विदम् ॥ ३९ ॥ चतुर्णामपि भेदानां कुम्भके समुपस्थिते । बन्धत्रयमिदं कार्यं योगिभिर्वीतकल्मषैः ॥ ४० ॥

❀ बन्धत्रय (योगशिखोपनिषत्)— ❀

बन्धत्रयम् ... यथा क्रमम् । नित्यं कृतेन तेनासौ वायोर्जयमाप्नुयात् ॥१०१॥ चतुर्णामपि भेदानां कुम्भके ... । बन्धत्रयमिदं कार्यं ... ॥१०२॥ ... गुदं पार्ष्ण्या तु संपीड्य पायुमाकुञ्चयेत् बलात् । वारंवार यथा चोर्ध्वं समायाति समीरणः ॥१०४॥ प्राणापानौ नादबिन्दू मूलबन्धेन चैकताम् । गत्वा योगस्य संसिद्धिं...नात्र संशयः ।१०५। कुम्भकान्ते रेचकादौ कर्तव्यस्तूड्डियानकः ।

बन्धो येन सुषुम्नायां प्राणस्तूड्डीयते यतः ।।१०७।। अभ्यसेत्तदतन्द्रस्तु वृद्धोऽपि तरुणो भवेत् । नाभेरूर्ध्वं मधश्चापि ताणं कुर्यात्प्रयत्नतः ।।१०८।। ... पूरकान्ते तु कर्तव्यो बन्धो जालन्धराभिधः ।१०९। कण्ठसंकोच रूपोऽसौ वायुमार्ग निरोधकः । कण्ठमाकुञ्च्य हृदये स्थापयेद्दृढमिच्छया।११०। बन्धो जालन्धराख्योऽयममृताप्यायकारकः । अधस्तात्कुञ्चनेनाशु कण्ठसंकोचने कृते ।१११। मध्ये पश्चिमतानेन स्यात्प्राणो ब्रह्मनाडिगः । वज्रासनस्थितो योगी चालयित्वातु कुण्डलीम् ।११२। कुर्यादनन्तरं भस्त्रीं कुण्डली माशु बोधयेत् । भिद्यन्ते ग्रन्थयो वंशे तप्तलोहशलाकया ।११३। तथैव पृष्ठवंशे स्याद्ग्रन्थिभेदस्तु वायुना ।११४। ... सुषुम्नायां तथाभ्यासात्सततं वायुना भवेत् । रुद्रग्रन्थि ततोभित्वा ततोयाति शिवात्मकम् ११५। चन्द्रसूर्यौ समौकृत्वा तयोर्योगः प्रवर्तते । गुणत्रयमतीतं स्याद्ग्रन्थित्रय विभेदनात् ।११६। शिवशक्तिसमायोगे जायते परमा स्थितिः । ... मोक्षमार्गे प्रतिष्ठानात्सुषुम्ना विश्वरूपिणी ।।११८।।

बन्धत्रय समन्वित युक्त प्राणायाम के अभ्यास से शरीरस्थ पञ्चकाय धीरे २ वश में हो जाते हैं और हठ-पूर्वक अधोगतिशील अपानवायु ऊर्ध्वगामी की जाती है । तब वह मुड़कर सुषुम्ना नाड़ी में कुण्डलिनी सहित प्रवेश कर ऊपर चढ़ती है और जिन २ चक्रों का वह भेदन करती जाती है वे चक्र उलट २ कर ऊर्ध्वमुख होते जाते हैं ।

भस्त्राख्य कुम्भक से शरीर की अग्नि की वृद्धि होती है, सुषुम्ना नाड़ी के मुख का श्लेष्म या कफ और अन्य अर्गल (रुकावट) आदि भी नष्ट हो जाते हैं तथा मूलाधार में स्थित तेजनिधि त्रिकोण की वन्हि भी तेज हो जाती है । तब ऊष्ण वायु और जलती अग्नि से ताड़ित

होकर संतप्त विद्युतपुञ्जप्रभामयी या विद्युतस्वरूपा तप्तसुवर्ण की तरह चमकती स्वयम्भूलिंग में लपटी कुण्डलिनी (अत्यन्त सूक्ष्म बाली के रूप की) डंडे से मारी हुई नागिन तुल्य शरीर को सीधा अर्थात् फैलाकर तप्त सूई की भांति सुषुम्ना मुख या ब्रह्मरन्ध्र में वायु और मन सहित प्रवेश करती है। और विद्युद्वत् स्फुरित होकर शीघ्रता से ब्रह्मग्रन्थि तथा चक्रों का भेदन कर हृदय में विष्णुग्रन्थि का भी भेदन कर भ्रूमध्य में रुद्रग्रंथि का भेदन कर तथा शशि मंडल पार कर सहस्त्रार में पहुंच शिव के साथ युक्त होकर मुदित होती है। और वहां से अमृत में लपटी हुई फिर लौट कर मूलाधार में स्थित कुलकुण्ड में प्रवेश कर पूर्ववत् स्वयम्भूलिंग में लिपट कर निद्रालु हो जाती है।

कुण्डलिनी चलाने की अन्य युक्तियों के भी संकेत यथा केवल-कुम्भक, वज्रासनगत-मूलबन्ध का अभ्यास, दीर्घ प्रणवोच्चारण, अन्य मंत्रों-यथा बौद्धों के-"ॐ मणि-पद्मे हुँ", या तांत्रिकों के हुंकार। उसके जगने की अवधि ४० दिन से वर्षों तक बताई गई हैं।

योगाभ्यास तथा ईश्वर चिंतन का उत्तम काल सुषुम्ना स्वर है। यह नाक के दोनों नथनों में भीतर ही भीतर सांस चलने का काल है। इस समय जीवसंज्ञक प्राण इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ियों की संधि पर रहता है।

प्रथम बार २५०] आश्विन शुक्ल १, २००६ । ओरिएन्टल प्रेस, कानपुर ।
प्रकाशक-डाक्टर, श्री प्रसादीलाल झा, एल.एम.एस, आयुर्वेदनिधि ।